रोहतक
रविवार, 10 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 191
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 34.5
न्यून. 21.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## पीएम ने बंधवाई राखियां



पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया। यहां स्कूली बच्चों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी। कई स्कूलों की छोटी बच्चियां यहां पहुंची। इस दौरान पीएम बच्चियों के साथ हंसी-मजाक करते दिखे। (पेज 5 भी देखें)

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज 3 ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

**बेंगलुरु।** पीएम नरेन्द्र मोदी रविवार को बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन जनसमर्पित करेंगे। इसके अलावा मोदी 3 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे केएसआर बेंगलुरु-बेलगावी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा और अजनी (नागपुर)-पुणे के बीच दो और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाएंगे। भाषा

### शंकर-सोनू को मिलेगा लता मंगेशकर सम्मान

**भोपाल।** प्रसिद्ध गायक शंकर एहसान लॉय को संगीत निर्देशन और सोनू निगम को पार्श्व गायन के लिए क्रमशः 2024 और 2025 के राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजा जाएगा। मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग ने यह घोषणा की। इसके साथ ही जाने-माने गीतकार प्रसून जोशी एवं फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से नवाजे जाने की घोषणा की गई। भाषा

### पति ने किया पत्नी और दो बेटियों का कत्ल

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली 3हत्याओं से दहल उठी। एक शख्स ने पत्नी और 2 बेटियों को मार डाला। रक्षाबंधन के दिन हुई सनसनीखेज वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रदीप ने पत्नी और 5 और 7साल की दो बेटियों की हत्या कर दी। एजेंसी

### तकनीकी गड़बड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पर उड़ानें लेट

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह तीसरे पक्ष के डेटा नेटवर्क में खराबी से कई एयरलाइंस का चेक-इन सिस्टम ठप हो गया। एअर इंडिया ने बताया कि इस वजह से उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। अब सिस्टम ठीक हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सामान्य होने में समय लगेगा। एयरलाइन ने यात्रियों से कहा कि एयरपोर्ट आने से पहले उड़ान की स्थिति जरूर चेक करें। एअर इंडिया ने एक्स पर लिखा कि गड़बड़ी से कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एजेंसी

### रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ के रक्षा उत्पादन की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि को दर्शाती है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। (पेज 8 भी देखें)

*एचएएल अकादमी में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह का दावा*

# ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान मार गिराए, सर्विलांस एयरक्राफ्ट को भी हमने तबाह किया

**बेंगलुरु (भाषा)।** एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इसके अलावा, एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को करीब 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। उन्होंने यहां एयर चीफ मार्शल एल.एम. कात्रे स्मृति व्याख्यान के 16वें संस्करण के दौरान कहा, हमें उस एडब्ल्यूसी हैंगर में कम से कम एक एडब्ल्यूसी तथा कुछ एफ-16 विमानों के होने का संकेत मिला है, जिनका वहां रखरखाव किया जा रहा है। हमारे पास कम से कम 5 लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने की पुष्ट जानकारी है और एक बड़ा विमान है, जो या तो विमान हो सकता है या फिर एडब्ल्यूसी (एयरबोर्न वॉर्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम), जिसे लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से निशाना बनाया गया। सिंह ने कहा, यह वास्तव में सतह से हवा में मार गिराने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, जो हमने हासिल किया है।

## एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम गेम चेंजर रहे, भारत ने सतह से हवा में विमानों को मार गिराने का नया रिकॉर्ड भी बनाया



### पाक ड्रोन को एस-400 से ध्वस्त किया

एयर चीफ मार्शल के अनुसार, एस-400 वायु रक्षा प्रणाली पासा पलटने वाली साबित हुई है। भारत ने इसे हाल में खरीदा है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, इस प्रणाली की रेंज ने पाकिस्तान के विमानों और यूएवी को भारतीय रक्षा प्रणाली से दूर रखा था। एस-400 प्रणाली की वजह से पाकिस्तान भारतीय वायु रक्षा प्रणाली को भेद नहीं सका। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) का पद सैन्य अभियानों में एक महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आया है। सीडीएस हमेशा हमारे बीच एकता बनाए रखने और समस्याओं को सुलझाने के लिए मौजूद रहते थे। जब भी हमें जरूरत होती थी, हम वरिष्ठ नेतृत्व के पास जाकर मुद्दों पर चर्चा किया करते थे।

### हवाई युद्ध की प्रधानता सामने आई

जब अभियान शुरू हुआ, तो सैन्य प्रमुखों ने इसके संभावित परिणामों और भारत को कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए, इस पर विस्तार से चर्चा की। ऑपरेशन सिंदूर' से मिली सीख के बारे में सिंह ने कहा, इस अभियान की सबसे बड़ी सीख यह रही है कि हवाई युद्ध की प्रधानता एक बार फिर सामने आई है। लोगों को यह एहसास हो गया है कि हवाई युद्ध किसी भी देश की पहली प्रतिक्रिया है और हवाई युद्ध वास्तव में त्वरित प्रतिक्रिया दे सकता है, सटीकता के साथ अंदर तक हमला कर सकता है।

### पाक रक्षामंत्री बोले, हमारा कोई विमान नष्ट नहीं हुआ

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह के बयान के बाद पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के किसी भी सैन्य विमान को न तो मारा गया और न ही कोई विमान नष्ट हुआ। ख्वाजा ने लिखा, पाकिस्तान का एक भी विमान भारतीय हमले में नष्ट नहीं हुआ। भारत की ओर से किए जा रहे दावे अविश्वसनीय हैं। पाकिस्तान को नहीं बल्कि इस हमले में भारत को एलओसी पर ज्यादा नुकसान हुआ।

## कुरुक्षेत्र में मारकंडा ओवर फ्लो, 8 गांव में प्रशासन ने जारी किया हाई अलर्ट

अंबाला में टांगरी खतरे के निशान से ऊपर, दहशत में ग्रामीण

# रक्षाबंधन पर प्रदेश में भारी बारिश, करंट से 5 की मौत

- *झज्जर में पावर हाउस में ब्लास्ट कई घंटे बिजली गुल, लोग परेशान*
- *सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद में सड़कों पर घुटनों तक पानी, बंद हुए वाहन*
- *सोनीपत में दो, गुरुग्राम, झज्जर व फरीदाबाद में महिला समेत 3 की मौत*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

रक्षाबंधन के दिन प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इससे सड़कों पर पानी भर गया। राखी बांधने घर से निकली महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ, बारिश के कारण करंट आने प्रदेश में 5 लोगों की मौत हो गई, इनमें सोनीपत में दो, फरीदाबाद, गुरुग्राम और रेवाड़ी में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों में बारिश हुई। इनमें गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, पानीपत, करनाल, झज्जर, जींद, सोनीपत, महेंद्रगढ़ के नारनौल और चरखी दादरी शामिल हैं बारिश से सबसे ज्यादा हालत फरीदाबाद, ग्रुरुग्राम और सोनीपत में बिगड़े। सोनीपत और फरीदाबाद में दो अंडरपास बारिश के पानी में डूब गए। इससे सोनीपत दो भागों में बंट गया। वहीं, फरीदाबाद में तो अंडरपास बंद कर पुलिस तैनात करनी पड़ी। आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पानी भर गया। बल्लभगढ़ में बस स्टैंड पानी में डूब गया। फरीदाबाद में यमुना जलस्तर के खतरे के निशान से 2 फुट नीचे तक पहुंच गई है। फिलहाल हालात काबू में हैं। लेकिन और बारिश हुई तो हालात बिगड़ सकते हैं। कुरुक्षेत्र में मारकंडा और अंबाला में टांगरी नदी में उफान आने से खेतों में पानी भर गया। कुरुक्षेत्र के 8 गांवों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

### सोनीपत में सड़कें पानी-पानी



प्रदेश में बरसात से ऐसे हालात

- झज्जर में बारिश के कारण 33 केवी पावर हाउस में ब्लास्ट हो गया। इससे साढ़े 6 घंटे शहर की बिजली बंद रही। गांव गोरिया में खेत में टूटे बिजली के तार को हटाते समय करंट लगने से मुमताजपुर, रेवाड़ी निवासी 44 वर्षीय बिजेंद्र उर्फ बज्जू की मौत हो गई।
- कुरुक्षेत्र के शाहाबाद के कठवा गांव में मारकंडा नदी का पानी खेतों में भर गया है। प्रशासन ने मारकंडा से सटे 7 गांवों कठवा, पट्टी जामड़ा, गुमटी, मलकपुर, कलसाना, तंगौर व मुगलमाजरा में अलर्ट जारी किया।
- गुरुग्राम में इफको चौक के पास जलभराव हो गया है। सेक्टर 44 में वेल्डिंग का काम करते समय करंट लगने से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई।
- पानीपत के गांव नौल्था में मकानों में दरारें आ गई।
- अंबाला में टांगरी नदी खतरे के निशान से ऊपर पहुंची। लोगों में दहशत में गई। खेतों में पानी भरा।
- कैथल में बात्ता गांव के पास नेशनल हाईवे 152 पर रोडवेज की बस फिसलकर सड़क से नीचे उतर गई। सड़क पर हो रही बारिश के कारण बस फिसलकर सड़क से नीचे उतर गई। उस वक्त बस में करीब 60 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित बच गए।
- फरीदाबाद में भी एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश के कारण सड़कों पर कई फीट तक पानी भर गया। वाहन चलकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं बाइक और स्कूटी पानी में बंद हो गई। कई स्थानों पर लोग दोपहिया वाहनों को धकेलते देखे गए।

### सोनीपत में सड़कें लबालब

सोनीपत में बारिश से रेलवे अंडरपास डूब गया। यहां 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। सोनीपत की सड़कें लगातार बारिश से तालाब बन गई हैं। सोनीपत में गीता भवन से रेलवे रोड पर 2-2 फीट तक पानी भर गया है। सोनीपत में करंट लगने से दुकानदार और हेल्पर की मौत हो गई। शुभम नाम का कर्मचारी छत में टंकी देखने के लिए गया था। वहां उसे करंट लग गया। फिर दूसरा कर्मचारी रोहित देखने गया तो वह भी चपेट में आ गया। इसके बाद दुकानदार नरेंद्र गुप्ता बेटे नोनी के साथ गए। उन्होंने डंडे मारकर करंट से हटाने की कोशिश की लेकिन नरेंद्र को भी करंट लग गया। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां शुभम और दुकानदार नरेंद्र की मौत हो गई।



## दिल्ली में दीवार गिरने से सात की मौत, 300 फ्लाइट्स लेट

### हिमाचल के कुल्लू में बादल फटा, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह भारी बारिश के बीच जैतपुर में मोहन बाबा मंदिर के पास दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया था कि हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। हालांकि, पुलिस ने बाद में बताया कि सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है तथा एक घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। डीएफएस अधिकारियों के मुताबिक, अग्निशमन विभाग को शनिवार सुबह नौ बजकर 16 मिनट पर घटना के बारे में सूचना मिली। पुलिस दल के साथ दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। राष्ट्रीय राजधानी में रात भर भारी बारिश हुई और भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया। वहीं, तेज बारिश के चलते 300 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ान भरी। कई इलाकों में पानी भर गया है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने आज दिनभर के लिए मौसम का रेड अलर्ट जारी किया है।

### कुल्लू में कई जगह भूस्खलन से रास्ते बंद

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं आई, लेकिन शरोद नाले से सटे बरोगी नाले का वाटरलेबल बढ़ गया है। लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे भी बंद है। यूपी में इस सीजन मानसून मेहरबान है। लगातार बारिश से नदियां और नाले उफान पर हैं। अमरोहा में 3 दिन की लगातार बारिश के बाद एक बाइक सवार पर जर्जर मकान ढह गया। जौनपुर में भी मकान गिर गया।

### आईसीआईसीआई बैंक

## अब खाते में न्यूनतम 50,000 की राशि जरूरी, वर्ना जुर्माना

**नई दिल्ली (भाषा)।** आईसीआईसीआई बैंक ने एक अगस्त या उसके बाद खोले जाने वाले नए बचत बैंक खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की अनिवार्यता पांच गुना बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी है। आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए 31 जुलाई, 2025 तक बचत बैंक खातों में न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) 10,000 रुपये थी। अर्ध-शहरी इलाकों में यह सीमा 25,000 रुपये और ग्रामीण इलाकों में 10,000 रुपये कर दी गई है। अगर खाताधारक तय एमएबी नहीं रख पाते, तो उन्हें कमी की राशि का छह प्रतिशत या 500 रुपये (जो भी कम हो) जुर्माना देना होगा।

■ ग्रामीण इलाकों में 10,000 की सीमा तय की

### अमरनाथ यात्रा सम्पन्न

## छड़ी मुबारक यात्रा गुफा पहुंची इस बार 4.1 लाख ने किए दर्शन

**श्रीनगर (एजेंसी)।** अमरनाथ यात्रा का समापन शनिवार को छड़ी मुबारक के पवित्र गुफा मंदिर पहुंचने के साथ हुआ। पारंपरिक तरीके से महंत दीपेंद्र गिरि की अगुआई में सैकड़ों साधुओं के साथ पूजा की गई, इसके बाद भक्तों को साल के अंतिम दर्शन कराए गए। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से 3 अगस्त से ही रोक दी गई थी। इस साल 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन किए, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी।

■ बारिश के चलते 3 अगस्त को रोकी गई थी यात्रा

### रेलवे का त्योहारी तोहफा

## आने और जाने का ट्रेन टिकट बुक करने पर 20% डिस्काउंट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय रेलवे ने दिवाली और अन्य फेस्टिवल में घर जाने वालों के लिए एक एक्सपेरिमेंटल बेस पर एक स्कीम शुरू की है। इसमें अगर कोई आने और जाने का टिकट एकसाथ बुक करता है तो रिटर्न टिकट पर 20% का डिस्काउंट मिलेगा। इससे उन लोगों को फायदा मिलेगा जो घर जाने और वापस आने के लिए ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। रेलवे ने त्योहारों के समय टिकट के लिए भीड़ और लोगों की परेशानी को देखते हुए यह फैसला एक्सपेरिमेंटल बेस पर लिया है। अगर आप अहमदाबाद एक्सप्रेस से पटना जाते हैं, तो इसी जोड़ी की वापसी ट्रेन से रिटर्न टिकट करना होगा।

■ जोड़ी की वापसी ट्रेन से रिटर्न टिकट करवाएं

अमेरिका के पूर्व एनएसए बोल्टन ने ट्रंप पर उठाए सवाल

## ट्रंप के टैरिफ से उल्टा असर, यूएस की बरसों पुरानी मेहनत हुई बर्बाद

■ बोले, भारत हमसे दूर होकर चीन-रूस के पास जा रहा

■ टैरिफ को ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी भूल बताया

■ कहा, ट्रंप के फैसले अमेरिका की नीतियों को कमजोर कर रहे

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। एक चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है। पूर्व एनएसए ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाने का मकसद रूस को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन नतीजा यह हो सकता है कि भारत, रूस और चीन एकजुट होकर इन टैरिफ का विरोध करें।



### दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती'

बोल्टन ने पहले भी अमेरिकी अखबार द हिल में लिखा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और अन्य शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती होगी। उनके मुताबिक, 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे, और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है। बोल्टन ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में अमेरिकी सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे।

*एक अगस्त से चल रहा 'ऑपरेशन अखल'*

## कुलगाम में मुठभेड़, दो जवान शहीद, नौ घायल

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में जारी एनकाउंटर में दो जवान शहीद हो गए। शुक्रवार को चार जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह की मौत हो गई। शनिवार सुबह यह जानकारी आई। ऑपरेशन अखल 1 अगस्त से जारी है। शनिवार को इसका नौवां दिन है। इसमें 2 अगस्त को 2 आतंकियों के मारे जाने की खबर आई थी, जबकि अब तक 9 जवान घायल हो चुके हैं। इनमें से ही दो की मौत हुई है। 2 अगस्त की सुबह मारे गए आतंकियों में से एक की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई थी, जो सी-कैटेगरी का आतंकी था। हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47 राइफल, मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ था।



**टिप्पणी** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पेंशन मामले में अंतर नहीं किया जाना चाहिए

*वायुसेना को पेंशन से जुड़े मामलों में लचीलापन बरतना चाहिए*

## मां और सौतेली मां में अंतर गलत बच्चे के जीवन में भूमिका देखें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के सौतेली मां को पेंशन लाभ देने से इनकार करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पेंशन योजनाओं में 'मां' और 'जैविक मां' में अंतर नहीं किया जाना चाहिए। हर मामले को उसके विशिष्ट तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए और यह तय किया जाना चाहिए कि बच्चे के जीवन में मां की भूमिका वास्तव में किसने निभाई है। मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह ने की। जस्टिस भुइयां ने कहा- पेंशन मामले में 'मां का जैविक मां होना जरूरी नहीं है। साल 2010 में वायुसेना ने अपीलकर्ता का विशेष पारिवारिक पेंशन का दावा खारिज किया था। मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी।

### ऐसे मामलों में फैसला भी तथ्यों के आधार पर लिया जाए



वायुसेना ने सौतेली मां को पेंशन देने से किया था इनकार मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी

### लचीलापन बरते वायुसेना


सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पेंशन के मामले में वायुसेना को लचीलापन बरतना चाहिए। ऐसे मामलों में फैसला भी तथ्यों के आधार पर लिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, अगर जन्म देने वाली मां ने बच्चे को छोड़ दिया और सालों तक दादी ने उसका पालन-पोषण किया, तो क्या बाद में लौटने पर जैविक मां को लाभ मिलेगा? वहीं, यदि सौतेली मां ने जन्म से ही बच्चे की देखभाल की हो, तो उसे लाभ क्यों न मिले? वहीं वायुसेना ने कहा मौजूदा नियमों (वायुसेना पेंशन नियम, 1961) में सौतेली मां को पेंशन देने का प्रावधान नहीं है और इस मामले को पहले कभी चुनौती नहीं दी गई।

*इंस्टाग्राम पर कुरान के बारे में पोस्ट पर विवाद*

## धार्मिक भावनाएं आहत यमुनानगर में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इंस्टाग्राम पर मुस्लिम धर्म की पवित्र कुरान के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गांव अमादलपुर निवासी गुलफाम ने बुड़िया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपने नाम से आईडी बनाई हुई है। गत आठ अगस्त को वह अपनी इंस्टाग्राम आईडी चला रहा था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मुस्लिम धर्म की पवित्र कुरान के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट की हुई थी। जिसे मुस्लिम धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों के लिए 20 तक ऑनलाइन आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2025-26 के दौरान किसानों के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में आरकेवीआई स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमे किसान स्ट्रा-बेलर, हे-रेक, एसएमएस, हेप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, स्ट्रा-चोपर, मल्चर, शर्ब मास्टर, रोटरी स्लेशर, रिर्वसीब्ल एमबी प्लो, जीरो ड्रील, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, ट्रैक्टर माउंटेड लोडर (बिना ट्रैक्टर), ट्रैक्टर ड्रान टैडर मशीन, कॉप-रीपर पर 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए किसान ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

### झज्जर में बाढ़ प्रबंधन के दावे फेल : कादियान

**चंडीगढ़।** आखिरकार भारी बारिश और चंद अफसरों की लापरवाही के कारण किसानों पर दोहरी मार पड़ गई है। बाढ़ प्रबंधन को लेकर किए जा रहे दावे पूरी तरह से फेल नजर आ रहे हैं। झज्जर में बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही को लेकर ग्रामीणों ने सीएम, मुख्य सचिव और आला अफसरों को शिकायत भेजी है। छुड़ानी और आसपास के कई गावों को लेकर कांग्रेस विधायक डा. रघुरीब कादियान ने हरियाणा विधानसभा में मामला उठाने की बात कही और जायदा भी लिया।

### रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक : शर्मा

**चंडीगढ़।** भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति त्योहारों के माध्यम से जीवन में समरसता और संबंधों की गहराई सिखाती है। शर्मा ने शनिवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय गुरुकमल में महिला कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाई और प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी भी मौजूद रहे। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्कृति के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। त्योहारों का मूल उद्देश्य रिश्तों को निभाना और समाज में समरसता लाना है।

# 22 से शुरू होगा मानसून सत्र, एसवाईएल जलभराव व कानून व्यवस्था के मुद्दे छाए रहेंगे

■ जवाब देने की तैयारी में जुटी सरकार ■ मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कर चुके बैठक ■ पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा अभी से हमलावर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

22 से शुरू होने वाले हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र इस बार पूरी तरह से गर्मागर्म रखने के लिए विपक्ष पूरी तरह से तैयारी में है। प्रदेश के कईं जिलों में भारी बारिश और बरसात के बाद में जलभराव,कानून व्यवस्था अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष ने अभी से तैयारी कर ली है। खुद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही इस बार भी नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे। उन्होंने साफ कर दिया है कि उनके पास में सरकार की घेरेबंदी को लेकर काफी विषय हैं, उनके सभी विधायक तैयार हैं।

### कांग्रेस की तैयारी

हुड्डा का कहना है कि राज्य के किसानों, कानून व्यवस्था की हालत, जलभराव से किसानों को हुए नुकसान, खाद की किल्लत, एसवाईएल जैसे विषयों को लेकर तैयारी में हैं। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा अध्यक्ष की संयुक्त अध्यक्षता में सत्ता पक्ष भी पूरी तरह से तैयार है। सत्तापक्ष के नेताओं का दावा है कि वे विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं, बशर्ते सदन का वक्त शोरगुल और बिना वजह के हंगामा ठीक नहीं हैं।





यहां पर उल्लेखनीय है कि हरियाणा मंत्री समूह की अगस्त पहले सप्ताह में हुई बैठक के दौरान हरियाणा विस मानसून सत्र की तारीखों का एलान किया गया था। सदन कितने दिनों तक चलेगा, इसका अभी तय नहीं है, इसका फैसला बीएसी (बिजनेस एडवाइजरी कमेटी) में होगा। हालांकि इस बार सत्तापक्ष भी सदन को लंबा चलाने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है।

पड़ोसी राज्य पंजाब की तर्ज पर इस बार भी जरूरी बिजनेस और कामकाज पूर्ण करने के लिए सदन को दो से तीन दिनों तक चलाने की योजना है। इस बार के सत्र के दौरान जहां बरसात और जलभराव से होने वाली परेशानी मुख्य मुद्दा रहेगी, वहीं कानून व्यवस्था व घटनाओं, जेलों से धमकी देकर रंगदारी जैसे विषयों को लेकर विपक्ष के हमलावर रहने के संकेत मिल रहे हैं। इसके अलावा एसवाईएल को लेकर लगातार हरियाणा पंजाब के बीच में बैठकों का दौर जारी है, विपक्ष का कहना है कि सुप्रीम अदालत का फैसला हरियाणा के पक्ष में हैं। इसलिए अब अवमानना का केस डाल देना चाहिए, जबकि सत्तापक्ष के नेताओं को पंजाब के साथ में कोई ना कोई सर्वमान्य हल निकल जाने की उम्मीद है। कुल मिलाकर सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है।

### सरकार ने किसानों के लिए खोला सौगातों का पिटारा

हरियाणा में सूबे के किसानों को राज्य सरकार लगातार राहतें और सौगात दे रही है। सत्र से पहले ही प्रदेश के सीएम जलभराव वाले इलाकों में स्पेशल गिरदावरी और मुआवजे आदेश देकर विपक्ष के हाथ से मुद्दा छीन सकते हैं। इसके अलावा हाल ही में किसानों को बड़ी राहत भी दी गई है, अर्थात आने वाले वक्त में ट्रांसफार्मर चोरी और क्षतिग्रस्त होने, मरम्मत कराने जैसे काम बिजली वितरण कंपनी की ओर से होगा। पहले किसानों को इसके लिए काफी खर्च और दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब किसानों से कोई खर्च नहीं लिया जाएगा। किसान अपने ट्यूबवेल को 70 मीटर के भीतर स्थानांतरित करना चाहता है, तो कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करने के लिए हरियाणा राज्य विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) ने बिजली आपूर्ति संहिता में छठा संशोधन कर दिया है। कृषि कनेक्शन को तकनीकी और भूगोलिक कारणों जैसे बोरवेल की विफलता, पानी की गुणवत्ता या भूमि के अधिग्रहण के चलते मूल स्थान से 70 मीटर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होगी तो स्थानांतरण का खर्च भी किसानों से नहीं लिया जाएगा। इससे किसानों को फायदा होगा।

### राज्यपाल असीम घोष से रूबरू होंगे अधिकांश माननीय

हरियाणा में बतौर राज्यपाल सेवाएं देने वाले बंडारू दत्तात्रेय के जाने के बाद में अब पश्चिम बंगाल से आए असीम घोष कमान संभाल रहे हैं, जिनके साथ में सीएम और कुछ खास नेताओं की मुलाकात हो चुकी है। लेकिन आने वाले वक्त और मानसून सत्र के दौरान नए राज्यपाल के साथ में विस के सदस्यों को रूबरू होने का मौका भी मिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और कईं अहम पदों पर रह चुके असीम कुमार घोष ने कार्यभार संभालने के साथ ही बैठकों का दौर भी शुरु कर दिया है, साथ ही मेल मुलाकात भी चल रही है। कुल मिलाकर इस बार सत्र के दौरान राजधानी चंडीगढ़ आने वाले नेतागण, विधायक, पूर्व मंत्री मुलाकात करेंगे। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### डॉ. आरसी मिश्रा बने पुलिस शिकायत प्राधिकरण के चेयरमैन

**चंडीगढ़।** आखिरकार हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण को नए अध्यक्ष मिल गए हैं। हरियाणा राज्य सरकार की ओर से इस बार सेवानिवृत आईपीएस डीजी रेंक अफसर डा. आरसी मिश्रा को नियुक्त किया है। इसके अलावा सरकार ने एक अन्य सेवानिवृत्ति अधिकारी ललित सिवाच पर मेहरबानी दिखाई है। उन्हें अथॉरिटी में सदस्य नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों की यह नियुक्ति 3 साल के लिए है। इस आशय की लिखित सूचना देर शाम को जारी हुई है। एसीएस होम डा. सुमिता मिश्रा की ओर से दोनों के नाम जारी किए गए हैं। हरियाणा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण चेयरमैन के अलावा फिलहाल, एक सदस्य की नियुक्ति की गई है। यहां पर भी सेवानिवृत्त अफसरों की लंबी कतार लगी हुई है। मुख्य सचिव और डीजीपी. से लेकर एसीएस और हाईकोर्ट के पूर्व जज तक के नाम भी शामिल थे। लेकिन दोनों ने सभी को पीछे छोड़ दिया। वैसे, डा. आरसी मिश्रा की धर्मपत्नी डाक्टर अर्चना मिश्रा सूबे की भाजपा सरकार के वक्त में एक यूनि. की वीसी रह चुकी हैं। शुक्रवार को विचार मंथन के बाद में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी और सीपीएस सीएम ने एसीएस होम से विचार कर नाम फाइनल कर दिए। यहां पर बता दें कि मंगलवार को ही सीएस की अध्यक्षता में सेलेक्शन कमेटी की बैठक हुई थी।

## डीएपी का स्टॉक आवश्यकता से अधिक, फिर भी किसान परेशान



■ सरकार को कागजी आंकड़ों से आगे बढ़कर जमीनी हकीकत पर ध्यान देना चाहिए : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने लोकसभा में पूछे प्रश्न (संख्या 2979) के जवाब में कहा है कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि हरियाणा में खरीफ 2025 सीजन के लिए डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है और राज्य को आवश्यकता से अधिक खाद उपलब्ध कराई गई है। अगर ऐसा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को क्यों परेशान करने में लगी हुई है या उसे अन्नदाता किसानों की कोई परवाह नहीं है।

सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश में डीएपी खाद को लेकर किसान मारा मारा फिर रहा है, कई कई घंटें लाइन में लगने पर पता चला कि खाद नहीं है। प्रदेश के कृषि मंत्री भी दावा करते है कि खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में अधिकतर जिलों में डीएपी खाद ब्लैक में बेची जा रही है पर सरकार उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सरकार बार बार झूठ बोलकर किसानों को गुमराह करने में लगी हुई है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि खाद की कमी को लेकर उन्होंने लोकसभा में प्रश्न उठाया तो उसके जवाब में निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया केंद्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफ डब्ल्यू) की आवश्यकता के अनुसार, उर्वरक विभाग राज्यों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक आवंटित करता है, जिसे मासिक आपूर्ति योजना और उपलब्धता की निरंतर निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। हालांकि, राज्य के अंदर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

## समय रहते टांगरी में खुदाई से टला नुकसान : सिंचाई मंत्री

■ टांगरी नदी में खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा जलस्तर

**चंडीगढ़।** प्रदेश की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि बीती मध्यरात्रि टांगरी नदी में जलस्तर 9.5 फुट (लगभग 20,900 क्यूसिक) तक पहुंच गया था, जो खतरे के निशान 7.0 फुट (15,400 क्यूसेक) से अधिक है। पिछले वर्षों में इतनी मात्रा में पानी आने पर अंबाला छावनी की कई कॉलोनियां जलमग्न हो जाती थीं और करोड़ों रुपये का नुकसान होता था, लेकिन समय रहते खुदाई होने से और विभाग की सूझबूझ से खतरा टल गया। उन्होंने बताया कि इस बार सिंचाई विभाग ने बरसात से पहले नदी की खुदाई का कार्य शुरू किया, जिसकी वजह से पानी सुरक्षित रूप से बह गया और हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली। सिंचाई मंत्री ने बताया कि बरसात शुरू होने से पहले विभाग ने नदी के तल को गहरा और चौड़ा करने का कार्य प्रारंभ किया था। हालांकि, बारिश के कारण फिलहाल केवल आधा कार्य ही पूरा हो पाया, लेकिन इससे नदी की जल निकासी क्षमता में काफी वृद्धि हुई है।सिंचाई मंत्री ने बताया कि 6 अगस्त को सुबह 11 बजे नदी में 11,000 क्यूसेक पानी था, जो शाम 4 बजे तक 15,400 क्यूसेक और मध्यरात्रि तक 20,900 क्यूसेक हो गया। पहले ऐसे जलस्तर पर न्यू टैगोर गार्डन, न्यू एकता विहार, प्रभु प्रेमपुरम, रामपुर, सरसेहड़ी, चंदपुरा और करधान जैसे क्षेत्रों में पानी भर जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

## स्कूली बच्चियों ने मुख्यमंत्री को बांधी स्नेह की डोर



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संत कबीर कुटीर में रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी भी मौजूद रहीं। रक्षाबंधन के इस विशेष पावन अवसर पर पंचकूला जिले के दो सरकारी प्राइमरी स्कूलों तथा रायपुररानी स्थित श्वेलफेयर सेंटर फॉर पर्सन विद स्पीच एंड हियरिंग इम्पेरेमेंट की नन्हीं-नन्हीं बच्चियां अपने शिक्षकों के साथ पहुंचीं और मुख्यमंत्री की कलाई पर प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप राखी बांधी। कई अन्य स्कूलों के बच्चे व शिक्षिकाओं ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह के हाथ पर राखी बांधी।

## तिरंगा यात्रा के लिए रोडमैप तैयार : मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला



भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया की तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी नौ मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तिरंगा यात्रा का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। अजय मित्तल ने जिलावासियों से तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन करने वाले हमारे देश के वीर जवानों के सम्मान और हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने के लिए निकाली जा रही है।

मित्तल ने कहा, 15 अगस्त हर भारतीय के लिए एक राष्ट्रीय पर्व है, जिसे हर हिंदुस्तानी को उमंग और उल्लास के साथ बनाना चाहिए। तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक संजय आहूजा ने बताया कि जिला संगठन की तरफ से सभी मंडल अध्यक्षों को तिरंगा यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष कल्याण दो दिवसीय यूपी व उत्तराखंड के दौरे के लिए रवाना

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण 9 एवं 10 अगस्त को सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), रूड़की/हरिद्वार/ऋषिकेश (उत्तराखंड) और सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) के दौरे पर रहेंगे। शनिवार को वे अनेक स्थानों पर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रमों में शामिल हुए। रविवार को हरिद्वार में बुजुर्ग सम्मान सम्मेलन में शामिल होंगे। कल्याण 9 अगस्त को प्रातः कल्याण फार्म हाउस से रवाना हुए। इसके बाद वे करनाल, सहारनपुर और रूड़की के विभिन्न स्थलों पर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रमों में शामिल हुए । सहारनपुर में अशोक विहार कॉलोनी में नागरिक अभिनंदन तथा होटल द ओएसिस में युवा रोड़ चेतना सभा द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया। इसके पश्चात रूड़की में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम होंगे। जबकि ग्राम भोड़ी भरापुर में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। सायंकाल गंगा आरती में भाग लेंगे और रात को ऋषिकेश में रुकेंगे।




## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने उत्साह और श्रद्धा के साथ विश्व संस्कृत दिवस मनाया

**पंचकूला।** संस्कृत भाषा के शाश्वत महत्व का सम्मान करते हुए, हरियाणा राज्य में स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला में को विश्व संस्कृत दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रभारी डीन प्रो. सतीश गंधर्व ने की। इस समारोह में संस्थान के सम्मानित प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों और चिकित्सा संकाय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में छात्रों द्वारा संचालित कई प्रमुख कार्यक्रम शामिल थेः व्याकरण, साहित्य और आयुर्वेदिक विज्ञान के ज्ञान का परीक्षण करने वाली संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता; संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता, जिसमें छात्रों ने उचित सुर में मधुर रचनाएँ प्रस्तुत कीं; चरक संहिता और अष्टांगहृदय जैसे प्रतिष्ठित शास्त्रीय ग्रंथों से श्लोकों का सटीक और लयबद्ध उच्चारण; और एक संस्कृत संवाद सत्र, जिसमें छात्रों ने संस्कृत दिवस की थीम पर मौखिक संस्कृत का अभ्यास किया। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, डीन प्रो. गुलाब पमनानी और प्रभारी डीन प्रो. सतीश गंधर्व को संस्थान में संस्कृत विरासत के संरक्षण और संवर्धन के बारे में जानकारी दी ।

एक दिन पहले शुक्रवार को तोड़ा सर्वाधिक यात्रियों का रिकॉर्ड

# रक्षाबंधन पर मेट्रो ने लगाए अतिरिक्त फेरे कुल 455 अतिरिक्त ट्रिप संचालित किए

■ रक्षाबंधन से एक दिन पहले दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर कुल 81 लाख 87 हजार 674 यात्रियों ने सफर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रक्षाबंधन पर्व पर भीड़ से निपटने तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने शनिवार को सभी कॉरिडोर पर कुल 455 अतिरिक्त ट्रिप संचालित किए। इससे त्योहार पर यात्रियों को बिना किसी असुविधा के समय पर गंतव्य तक पहुंचने में मदद मिली। हालांकि फिर भी स्टेशनों, गाड़ियों में भीड़भाड़ रही।

दिल्ली एनसीआर की लाइफलाइन कहे जाने वाली मेट्रो ने इस साल रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पहले यात्रियों के गंतव्य तक पहुंचाने के मामले में एक और रिकॉर्ड बना लिया। शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर कुल 81 लाख 87 हजार 674 यात्रियों ने सफर किया। यह आंकड़ा अब तक का सर्वाधिक है। पिछला रिकॉर्ड 20 अगस्त 2024 को 77 लाख 48 हजार 838 यात्रियों का था। जबकि 13 अगस्त 2024 को 72 लाख यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया था। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ यात्रियों की संख्या के बावजूद हमारी प्राथमिकता रही कि किसी को असुविधा न हो और त्योहार पर यात्रा सुगम रहे।



**बहादुरगढ़।** मेट्रो प्लेटफार्म पर मौजूद यात्री।

### शनिवार को महिला सवारियां अधिक दिखी

बता दें कि बहादुरगढ़ में मेट्रो के तीन स्टेशन है। बहादुरगढ़ के अलावा आसपास के लगते गांवों, झज्जर, रोहतक व अन्य क्षेत्र के काफी लोग यहां से दिल्ली के लिए मेट्रो में सफर करते हैं। यहां के लोगों के लिए मेट्रो लाइफ लाइन बन गई है। शनिवार को मेट्रो में महिला सवारियां अधिक देखने को मिली। बेशक मेट्रो के फेरे बढ़ाए गए लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण गाड़ियां भरी रहीं।

प्रसव पीड़ा होने पर नागरिक अस्पताल आई महिला को भेज दिया वापस

# अल्ट्रासाउंड करवाने पर 22 की मिली तारीख, घर जाते ही नॉर्मल डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के गायनी वार्ड में महिलाओं की अनेदखी का एक और मामला सामने आया है। गायनी वार्ड की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। इसके कारण अस्पताल को मुख्यालय से भी कई बार फटकार लगी है। ऐसा ही मामला अब सामने आया है। प्रसव पीड़ा होने पर राज कालोनी से महिला वर्षा को परिजन नागरिक अस्पताल में लेकर आए थे। जहां पर महिला को गायनी वार्ड में ले जाया गया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक ने उनको अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट मांगी तो वह उनके पास नही थी। इस पर एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भेज दिया गया। जहां से उनको रिपोर्ट दी तो उसको देखकर चिकित्सक ने बताया कि उनकी डिलिवरी 22 अगस्त को होनी है। अभी कोई परेशान नहीं है। इस पर वर्षा व उसकी सास ने कहा कि दर्द ज्यादा है। इसको दाखिल करें ताकि आराम आने पर घर जा सकेंए लेकिन गायनी वार्ड में तैनात चिकित्सक ने उनको न तो दाखिल किया और न ही किसी तरह का उपचार दिया। जब वह अस्पताल से ऑटो में बैठ कर घर गए तो रास्ते में दर्द भी ज्यादा बढ़ गया और घर जाते ही वर्षा को नार्मल डिलीवरी से बच्चा हो गया।



### हालात डिलीवरी के नहीं थे

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि इस बारे में संबंधित चिकित्सक से पूछताछ की गई है। उसने बताया कि जब महिला जांच के लिए आई तो उसके हालात डिलीवरी के नहीं थे। अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट आने पर सामने आया कि 22 अगस्त तक डिलीवरी होनी है। महिला ने यह भी नहीं बताया कि उसे प्रसव पीडा ज्यादा है। अस्पताल से जाने के बाद रात को बच्चा हुआ है। मामले की जानकारी ली जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री नवोदय विद्यालय में प्रवेश को 20 तक आवेदन

**नारनौल।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए अब 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 10 अगस्त थी। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र आर्य ने बताया कि विद्यार्थी जिले के किसी सरकार या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान कक्षा 10वीं में अध्ययनरत रहा हो तथा 10वीं में 60 प्रतिशत अंकों के साथ पास की हो। इसके साथ-साथ विद्यार्थी का जन्म एक जून 2008 व 31 जुलाई 2010 के बीच हुआ होना चाहिए।

### झज्जर में करंट लगने से युवक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव साल्हावास में खेत में टूटे पड़े बिजली के तार को हटाते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रेवाड़ी जिले के मुमताजपुर निवासी जितेंद्र पुत्र फूल सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र ने साल्हावास में दो एकड़ जमीन ले रखी है। वह अपने खेतों की देखभाल करने के लिए शनिवार को साल्हावास आया था। जब दोपहर करीब बारह बजे वह खेतों का मुआयना कर रहा था तो वहां बिजली का तार टूटा पड़ा था। जब वह बिजली तार को हटा कर खेत किनारे रख रहा था तो वह करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद जितेंद्र को उपचार के लिए कोसली के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खैर तस्करों ने वन विभाग की टीम पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव खिल्लेवाला के जंगल से खैर की लकड़ी चोरी करके भाग रहे तस्करों ने वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी खैर तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन राजिक अधिकारी राजीव कांबोज ने प्रताप नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीती देर रात टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि कुछ खैर तस्कर गांव खिल्लेवाला में जंगल से खैर की लकड़ी काटकर चोरी करके ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने मौके पर पहुंचकर नाका लगाकर आरोपी खैर तस्करों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान उन्हें एक गाड़ी आती दिखाई दी। जब उन्होंने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी खैर तस्करों ने वन विभाग के टीम पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

### वेल्डिंग करने के दौरान करंट से युवक की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर 40 थाना एरिया में दुकान में वेल्डिंग करने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। दिल्ली के संगम विहार निवासी 26 वर्षीय सोहेल खान वेल्डिंग का काम करता था। शुक्रवार को वह सेक्टर गुड़गांव के सेक्टर 44 स्थित एक नई दुकान में वेल्डिंग के काम के लिए आया था। काम करने के दौरान शाम को अचानक उसको करंट लग गया। उसे गुड़गांव के आर्टेमिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी है।

### काम करने के दौरान गिरने से श्रमिक की मौत

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में कंपनी में काम करने के दौरान गिरने से श्रमिक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। यूपी के बलिया निवासी 50 वर्षीय संतोष कुमार सिंह खेड़कीदौला एरिया स्थित एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार की शाम को वह कंपनी में ऊपर काम कर रहा था। अचानक वह ऊपर से नीचे गिर पड़ा। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# यमुनानगर में लिंग जांच करती अंबाला की महिला को दबोचा

## आरोपी महिला ने जांच के नाम पर लिए 12 हजार रुपये

- पांच हजार लिए ऑनलाइन, बाकी सात हजार टीम को देख टॉयलेट में किए फ्लश
- टीम ने भ्रूण लिंग जांच के नाम पर पैसे ऐंठने के आरोप में पुलिस को शिकायत दी

**कार्रवाई करती पीएनडीटी की टीम**



यमुनानगर। भ्रूण लिंग जांच के मामले में पकड़ी गई महिला के बारे में कार्रवाई करते हुए पीएनडीटी की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंबाला से गृभवती को भ्रूण लिंग जांच करवाने के लिए यमुनानगर लेकर आई महिला को पीएनडीटी टीम ने पकड़ लिया। यह कार्रवाई अंबाला व यमुनानगर की पीएनडीटी टीम ने संयुक्त रूप से की। आरोपी महिला की पहचान अंबाला के बलदेव नगर की ऊषा रानी के रूप में हुई। ऊषा ने गृभवती से भ्रूण लिंग जांच के लिए पांच हजार रुपये ऑनलाइन लिए थे। जबकि सात हजार रुपये की नकदी टीम को देख टॉयलेट में फ्लश कर दी। अंबाला व यमुनानगर की पीएनडीटी टीम को सूचना मिली थी कि ऊषा गृभवतियों से पैसे लेकर भ्रूण लिंग जांच कराने का काम करती है। टीम ने ऊषा के पास एक गर्भवती को भेजा। गर्भवती ने ऊषा को बताया कि वह जानना चाहती है कि उसके गृभ में लड़का है या लड़की। इस पर ऊषा ने गर्भवती को बताया कि भ्रूण लिंग जांच में पता चल जाएगा कि गर्भ में लड़का है या लड़की। साथ ही भ्रूण लिंग जांच कराने का 12 हजार रुपये खर्च बताया। गर्भवती ने ऊषा को भ्रूण लिंग जांच कराने के लिए पांच हजार रुपये ऑनलाइन दे दिए। इसके बाद अंबाला से गर्भवती महिला को लेकर ऊषा कार में सवार होकर यमुनानगर पहुंच गई। इस दौरान अंबाला की पीएनडीटी टीम भी योजना के मुताबिक आरोपी महिला की कार के पीछे लग गई और यमुनानगर की पीएनडीटी टीम को भी सूचना दे दी। इस दौरान जगाधरी के निजी अस्पताल में गर्भवती का आरोपी महिला ने नॉर्मल अल्ट्रासाउंड कराया। मौके पर गर्भवती से सात हजार रुपये ले लिए। तभी अंबाला व यमुनानगर की पीएनडीटी टीम ने ऊषा को पकड़ लिया। टीम को देख ऊषा ने सात हजार रुपये टॉयलेट में फ्लश कर दिए। इसमें टीम ने चार हजार रुपये रिकवर कर लिए। टीम ने भ्रूण लिंग जांच के नाम पर पैसे ऐंठने के आरोप में पुलिस को शिकायत देने की कार्रवाई शुरू कर दी। मौके पर यमुनानगर से पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. विपिन गौंदवाल, डॉ. संदीप, अंबाला से पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश, डॉ. विजय वर्मा व डॉ. हितार्थ मौजूद रहे।

**रक्षाबंधन के दिन अलग अलग हादसों में कई लोगों की जान गई**

# जोहड़ में डूबने से दो बहनों के भाई की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जोहड़ किनारे इकट्ठा हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि



मृतक युवक सुरेन्द्र कुमार।

रक्षाबंधन के दिन जिले में हुए एक हादसे में दो बहनों के भाई की जोहड़ में डूबने से मौत होने का मामला सामने आया है। गांव भूथनकलां में पशुओं को नहलाने गया युवक जोहड़ में डूब गया और उसकी मौत हो गई। युवक के जोहड़ में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और करीब डेढ घंटे बाद जोहड़ में डूबे युवक को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लिया लेकिन परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया गया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र कुमार गांव भूथनकलां में हसंगा रोड पर पर रहता है। उसके घर के सामने ही जोहड़ है। शनिवार सुबह सुरेन्द्र भैंसों को नहलाने के लिए जोहड़ पर लेकर गया था। सुबह करीब 10.30 बजे वह भैंस के कटड़े को निकालने के लिए जोहड़ में उतर गया। किनारे के पास ही बैठे दो लोगों ने उसे ज्यादा अंदर जाने से मना भी किया लेकिन वह नहीं माना। देखते ही देखते युवक जोहड़ के पानी में डूबने लगा। इस पर जोहड़ के बाहर बैठे लोगों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास से काफी ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और जोहड़ में डूबे युवक को बाहर निकालने के लिए जोहड़ में उतर गए। करीब डेढ घंटे की मशक्कत के बाद युवक को जोहड़ से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक सुरेन्द्र कुमार की

### झज्जरः नहर में डूबने से किशोरी की मौत



झज्जर। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान उपस्थित परिजन एवं पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव अच्छेज से गुजरती नहर में एक किशोरी का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पानी से बाहर निकलवाया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। पुलिस द्वारा मृतका की शिनाख्त भिवानी जिले के कलिंगा गांव निवासी करीब सत्रह वर्षीया योगिता पुत्री कुलदीप के तौर पर की गई है। योगिता आईटीआई की छात्रा थी तथा रोहतक में रह कर अपनी पढ़ाई कर रही थी। परिजनों ने बताया कि योगिता का दो दिन पहले रोहतक की नहर में नहाते समय पांव फिसल गया था, जिसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस ने इस संबंध में परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।


### डबवालीः डिग्गी में डूबने से चौकीदार की मौत

**डबवाली।** उपमंडल के गांव बिज्जूवाली में खेत में बनी पानी की डिग्गी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कुलवंत गांव बिज्जूवाली निवासी कृष्ण मेहता उर्फ श्यामलाल के खेत में बाग की रखवाली का काम करता था। वह रोजाना रात को खाना खाकर खेत में बाग के पास सोता था। शुक्रवार रात भी वह खेत में सोया, लेकिन अगले दिन सुबह घर नहीं पहुंचा। जब ग्रामीणों ने पानी में झांककर देखा, तो कुलवंत का शव डिग्गी में बहता मिला। गांव के लोगों और परिजनों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।

# साउथ कोरियाई महिला ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया

## बिजली-पानी का कनेक्शन काटने व पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के भी आरोप

- कोरिया दूतावास ने पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी को पत्र लिखा



हाई यंग ली

**पुलिस बोली मॉल को 9 लाख रुपये नहीं दिए सोमवार को बुलाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड स्थित ग्लोबल फोयर मॉल में रेस्तरां चलाने वाली दक्षिण कोरिया की रहने वाली महिला ने गोल्फ कोर्स रोड स्थित ग्लोबल फोयर मॉल के प्रबंधन पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि किराए और रखरखाव राशि का भुगतान समय पर करने के बावजूद उसके रेस्तरां का पानी-बिजली कनेक्शन गैरकानूनी रूप से काट दिया गया। यही नहीं महिला का आरोप है कि 24 घंटे से उसे प्रताड़ित किया। इस बारे में उसने सुशांत लोक थाना को भी शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस का कहना है कि मॉल की बिल्डिंग को हुए नुकसान की एवज में मॉल प्रबंधन ने महिला को 9 लाख रुपये का डिमांड नोटिस दिया था। परंतु महिला द्वारा 9 लाख रुपये जमा नहीं करवाए गए थे। मामला सिविल नेचर का होने के बाद भी गुरुग्राम पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की एक मीटिंग करवाई गई थी। दोनों पक्षों के बीच अगली मीटिंग सोमवार को होगी। दक्षिण कोरिया निवासी हाई यंग ली के अनुसार भारतीय कानून, लाइसेंस और कर दायित्व का पालन करते हुए ग्लोबल फोयर मॉल में मिसो नाम से रेस्तरां चला रही थी। पिछले तीन साल से उन्हें मॉल प्रबंधन की तरफ से लगातार परेशान किया जा रहा है। रेस्तरां को खाली करने के लिए उसके ऊपर बिजली-पानी कनेक्शन काटकर गैरकानूनी रूप से दबाव बनाया जा रहा है। आरोप लगाया कि इस सिलसिले में पुलिस में शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई

**शिकायत दर्ज कराई**

कोरियन महिला द्वारा 7 अगस्त को एक शिकायत थाना सुशांत लोक में मॉल प्रबंधन के खिलाफ परेशान करने बारे में दी गई थी। जिसके बाद 8 अगस्त को दोनों पक्षों की थाना में मीटिंग की गई थी। जिसमें सामने आया था कि महिला करीब 14 वर्ष से उपरोक्त मॉल में एक रेस्टोरेंट चलाती है। इस रेस्टोरेंट से निकले पानी के कारण मॉल की बिल्डिंग को हुए नुकसान की एवज में मॉल प्रबंधन ने महिला को 9 लाख का डिमांड नोटिस दिया था। परंतु रुपये जमा नहीं करवाए गए थे। **-संदीप कुमार**, पुलिस प्रवक्ता

# अब निजी आई अस्पताल के संचालक से मांगी 20 लाख रुपये की रंगदारी

**व्हाट्सएप पर कॉल की, नहीं उठाई तो फोन पर मैसेज भेजकर मांगे रुपये, एक काबू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




सरस्वती आई केयर निजी अस्पताल।

निजी आई अस्पताल संचालक से फिरौती मांगी गई और फिरौती राशि न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शहर थाना पुलिस ने प्राइवेट अस्पताल के मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले भी जींद की एक महिला चिकित्सक से 20 लाख की रंगदारी मांगी गई। पुराने बस अड्डे के पास रजबाहा रोड पर स्थित सरस्वती आई केयर के मैनेजर नरेश कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अगस्त को वह सुबह 11 बजे के करीब अस्पताल में बैठे थे। उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई। ओपीडी वगरह की व्यस्तता के कारण फोन को नहीं उठा पाया। इसके बाद व्हाट्सअप पर लगातार कॉल आई लेकिन वह नहीं उठा पाए। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर लिखित मैसेज आया इसमें 20 लाख की रंगदारी मांगी गई थी।

### रंगदारी मांगने का आरोपित राउंड अप

**जींद।** पिछले दो दिनों से डॉक्टरों से फोन पर रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को राउंडअप किया गया है और उससे पूछताछ जारी है। नरवाना के डीएसपी कमलदीप राणा ने बताया कि नरवाना सीआईए और जींद सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि डॉक्टरों को धमकी देने का आरोपी मोहलखेड़ा गांव के पुल के पास है। पुलिस की टीमें अलग-अलग रास्ते से मोहलखेड़ा पुल के पास पहुंची। दोनों तरफ से पुलिस से गिरा देखकर थुआ गांव के अंकित ने पुल से छलांग लगा दी। जिससे अंकित के पैर में चोट लगी है। पुलिस उसे घायल अवस्था में काबू कर लिया।

**गिरोह के पकड़े जाने पर हुआ खुलासा**

# सांसी गिरोह से मिले थे चौकी प्रभारी एसपी रेलवे ने दोनों को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेनों में चोरी करने सांसी गिरोह के साथ संलिप्तता पाए जाने पर एसपी रेलवे नितिका गहलोत ने दो कर्मचारियों को जीआरपी के दो प्रभारियों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड किए गए प्रभारियों में कुरुक्षेत्र में तैनात जीआरपी प्रभारी विलायती सैनी भी शामिल हैं। ये अंबाला में सीआईए जीआरपी के प्रभारी रह चुके हैं। अंबाला शहर जीआरपी चौकी में तैनात अमित पर भी इस मामले की गाज गिरी है। दरअसल पिछले दिनों गुरुग्राम और अंबाला में ट्रेनों में हुई चोरी की जांच जीआरपी अंबाला के कर्मचारियों को सौंपी गई थी। उन्होंने एसपी के निर्देश पर मामले की पुनः जांच शुरु की तो मामले की कड़ियां सांसी गिरोह से जुड़ती मिलीं। इसके बाद एसपी द्वारा गठित टीम ने जब सांसी गिरोह पर शिकंजा कसा तो मामले का खुलासा हो गया। इस खुलासे के दौरान गिरोह ने दो जीआरपी कर्मचारियों का नाम भी लिया था कि वो उनके साथ लेन-देन करते थे और इस वजह से उन पर आंच नहीं आई। मोबाइल के स्कैनर से लेन-देन का कारोबार चल रहा था।

# बावलः ट्रक के सामने आए दो ऊंट, टक्कर लगने से दोनों की मौत, चालक भी घायल

- दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हादसे के बाद काफी देर तक बाधित रहा



रेवाड़ी। ट्रक की टक्कर से मरे ऊंटों को हटाती जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की रात रुद्ध पुल के निकट दो ऊंट सड़क पर आ गए। ट्रक की टक्कर से दोनों ऊंटों की मौत हो गई। ट्रक के चालक और क्लीनर भी हादसे में घायल हो गए। सड़क पर ऊंट गिरने के बाद काफी देर तक हाइवे बाधित रहा। एक अल्ट्रा जार ट्रक रात को दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था। जब यह ट्रक करीब 2 बजे रूद्ध पुल के पास पहुंचा, तो उसके सामने दो ऊंट आ गए। ट्रक की रफ्तार तेज होने के कारण दोनों ऊंटों की मौत हो गई। हादसे में ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें बैठे चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जेसीबी मशीन बुलाकर दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाया गया। इस दौरान काफी देर तक हाइवे पर यातायात अवरुद्ध रहा। चालक और क्लीनर को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताया गया है कि ऊंट हाइवे से कुछ दूरी पर बणी में आवारा घूम रहे थे, जो बाद में नेशनल हाइवे पर आ गए।

**घटना की सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

# सवारियों से भरी रोडवेज बस के आगे अड़ाई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भवानी डिपो की सवारियों से भरी चंडीगढ़ जा रही बस के आगे बीच सड़क पर एक व्यक्ति ने कार अड़ा दी। जिससे बस कई देर खड़ी रही। युवक ने खिड़की खोलकर कार को वही रोके रखा। चालक व परिचालक ने जब कार हटाने को कहा तो कार सवार दो युवकों ने चालक के साथ हाथापाई की। इसके बाद बस को सदर थाना जींद लाया गया। जहां आरोपित लोगों के खिलाफ शिकायत दी गई है। मामला शनिवार को सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। चंडीगढ़ जाने के लिए जींद बस अड्डे से रोडवेज बस शनिवार सुबह रवाना हुई थी। बस यात्रियों से भरी हुई थी। जैसे ही बस नरवाना बाईपास पर कैथल रोड पर चली तो उसके आगे एक स्विफ्ट कार चल रही थी। फिर चालक कार को बस के आगे कट मारने लगा। इससे कैथल की तरफ से आने वाहन भी सडक़ किनारे गड्ढों में उतर गए। इसके बाद युवक ने कार सड़क के बीच में खड़ी कर दी और कार की खिडक़ी खोल दी। बस को भी एक ब्रेक लगा कर रोकना पड़ा।

**सफलता** | **16 सितंबर 2024 को अतुल भुटानी, टोहाना ने शिकायत दर्ज करवाई थी**

# क्रिप्टोकरेंसी में दोगुना पैसा कमाने का झांसा देकर 53 लाख ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर दोगुना पैसा कमाने का लालच देकर 53 लाख की ठगी करने वाले एक संगठित ठग गिरोह का आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्रम सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी गांव इन्दाछुई, तहसील टोहाना के रूप में हुई है। शनिवार को इस बारे जानकारी देते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 सितम्बर 2024 को गुंजन भुटानी पत्नी अतुल भुटानी, निवासी चंडीगढ़ रोड, टोहाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में गुंजन भाटिया ने कहा था कि उसके पति अतुल की कुलां के पवन कुमार के साथ जान-पहचान थी। फरवरी 2022 में पवन हरिन्द्र निवासी नांगला के साथ उसके पति के पास आया और कहा कि उन्होंने एक क्रिप्टो करंसी की कम्पनी बनाई है जिसमें 200 दिन में अंदर तुम्हारा पैसा डबल कर देंगे। इसके बाद इन लोगों ने अतुल को गुरजीत कौर, विक्रम व नवीन से मिलाया। इस पर अतुल इनके झांसे में आ गया और 83 लाख 68 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद नवम्बर 2022 में इन लोगों ने 30 लाख 82 हजार 185 रुपये वापस कर दिए। इसके बाद से आरोपी बकाया राशि लौटाने में टाल-मटोल करने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उसके पति के साथ धोखाधड़ी व ठगी करते हुए करीब 53 लाख रुपये हड़प लिए हैं। पैसे मांगने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने कहा कि इस मामले को लेकर उनकी मौजिज लोगों के बीच पंचायत भी हुई थी जिसमें आरोपियों ने 52 लाख रुपये तीन किश्तों में देने की बात कही लेकिन उसके बाद वह इससे भी मुकर गए। इस पर पुलिस ने पवन कुमार पुत्र शाम लाल निवासी कुलां, हरिन्द्र सिंह पुत्र अमरजीत सिंह, गुरजीत कौर पत्नी हरिन्द्र सिंह निवासी नांगला, विक्रम पुत्र जिले सिंह व नवीन पुत्र वीर सिंह निवासी इंदाछुई के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन के अलावा प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (बैनिंग) एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया था।

# मुनाफा कमाने का लालच देकर बीमा एजेंट से 38.78 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठगों ने एक बीमा कंपनी के एजेंट को शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 38.78 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। कृष्णा नगर निवासी निखिल शर्मा ने बताया कि वह एक बीमा कंपनी में एजेंट के रूप में कार्य करता है। उसके पास 5 जुलाई को व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया था। इसमें उसे शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। उसने शेयर मार्केट में निवेश करने की इच्छा जाहिर की, तो उसे एक एप डाउनलोड कराकर उससे जोड़ दिया गया। उसने 22 जुलाई को 50 हजार रुपये बताए गए खाते में जमा करा दिए। एप पर उसे मोटा मुनाफा दिखाया गया, जिससे वह जाल में फंसता चला गया। उससे बार-बार पैसे इन्वेस्ट करने को कहा गया। एप पर उसके खाते में मोटा मुनाफा दर्शाया जाता रहा। 5 अगस्त तक उसने 38.78 लाख रुपये विभिन्न खातों में जमा करा दिए। इसके बाद उसने अपना पैसा रिफंड करने का प्रयास किया, तो उसके खाते को सीज बताकर और अधिक पैसा डालने की बात कही गई। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। उसने बैंक डिटेल भी पुलिस को मुहैया कराई है।

# धूमधाम से मना राखी का त्योहार, बहनों ने भाई को बांधा स्नेह का धागा, की लंबी उम्र की कामना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। साथ ही माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही भाई बहनों के घर जाने के लिए निकल पड़े। वहीं कई बहनें भी भाई के घर गईं। कहीं-कहीं भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवाई। पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों में भी रक्षाबंधन का उल्लास देखने को मिला। रक्षाबंधन की वजह बाजारों में भारी भीड़ रही। राखी की दुकानों पर महिलाओं व युवतियों ने जमकर खरीदारी की।

# प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्माकुमारी सदस्यों के साथ रक्षाबंधन मनाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया, जहां स्कूली बच्चों और आध्यात्मिक संगठन 'ब्रह्माकुमारी' की सदस्यों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी। यह त्योहार भाई-बहन के पारंपरिक बंधन का उत्सव है। मोदी ने इस उत्सव की एक वीडियो क्लिप साझा की, जिसमें युवा छात्राओं के एक समूह ने अपनी खुशी और भावनाओं को व्यक्त किया है। एक छात्रा ने उन्हें योद्धा और रक्षक कहकर सराहा, तो कुछ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। एक स्कूली छात्रा ने कहा कि वह ¤मोदी अंकल¤ के लिए मोर वाली राखी लाई है, जबकि एक अन्य ने उनकी तरह प्रधानमंत्री बनने की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री ने एक छात्रा की प्रशंसा की, जिसने कई सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें एक कविता में शामिल किया था। मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए 'एक्स' पर एक संदेश भी पोस्ट किया। वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, आज रक्षाबंधन के एक बेहद खास उत्सव की झलकियां यहां प्रस्तुत हैं। हमारी नारी शक्ति के निरंतर विश्वास और स्नेह के लिए उनका आभार।









## खबर संक्षेप

### मंदिर मामले में गिरफ्तारी देने पहुंचे दुबे, इनकार



**देवघर।** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर देवघर केंद्र में आ गया है। भाजपा सांसद और देवघर मंदिर ट्रस्टी निशिकांत दुबे ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि बाबा मंदिर से जुड़े विवाद में गिरफ्तारी देने के लिए खुद थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तारी लेने से इनकार कर दिया। इन पर जबरदस्ती प्रवेश करने का आरोप लगा है।

### मनसे ने अब फूड स्टॉल चलाने वाले को पीटा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं ने एक फूड



स्टॉल वाले पर हमला किया। आरोप है कि उसने मराठी लोगों और राज ठाकरे के खिलाफ गलत बातें कही थीं। यह घटना दुर्गामाता मंदिर चौक इलाके में हुई। वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है।

### आज से दौड़ेगी बंगाल की पहली एसी लोकल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए खुशखबर है। रविवार से बंगाल को पहली वातानुकूलित (एसी) लोकल ट्रेन मिलने वाली है। लोकल एसी ट्रेन चलने से आम लोगों को जो लोकल ट्रेन से यात्रा करते हैं उन्हें गर्मी से राहत मिलेगी। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फ़ैक्टरी द्वारा विकसित, यह नेटवर्क में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।

## बंगाल सचिवालय 'नबान्न' तक मार्च के दौरान हंगामा, हालात बिगड़े

# बैरिकेड्स को तोड़कर बढ़ी भीड़ तो पुलिस ने चलाईं लाठियां, 100 प्रदर्शनकारी जख्मी हुए



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पुलिस ने पश्चिम बंगाल सचिवालय नबान्न तक मार्च के दौरान मध्य कोलकाता में पार्क स्ट्रीट क्रॉसिंग पर प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भांजीं है। यह मार्च सरकारी आरजी कर अस्पताल के अंदर एक ऑन ड्यूटी डॉक्टर के साथ क्रूर दुष्कर्म और हत्या के एक साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को निकाली गई। रानी रश्मोनी रोड सभा स्थल से आगे न बढ़ने की पुलिस की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए प्रदर्शनकारियों ने विद्यासागर सेतु की ओर बढ़ने के लिए बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल और अन्य भाजपा विधायकों के साथ पार्क स्ट्रीट-जेएल नेहरू रोड क्रॉसिंग पर धरने पर बैठ गए। आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई में भाजपा नेताओं सहित 100 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल हो गए। सुवेंदु ने यह भी दावा किया कि लाठीचार्ज के दौरान आरजी कार पीड़िता के माता-पिता घायल हो गए। सुवेंदु ने चेतावनी दी कि ममता बेनर्जी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह विरोध प्रदर्शन आगे और भी बड़ा होने वाला है।

### सुवेंदु, पॉल धरने पर बैठे, पीड़िता के माता-पिता भी घायल

आरजी कर कांड को लेकर प्रदर्शन किया



सुवेंदु की चेतावनी, और बड़ा प्रदर्शन करेंगे

### भाजपा विधायकों पर लाठीचार्ज करवाया गया

नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने दावा किया है कि बंगाल सचिवालय तक मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई में भाजपा विधायकों पर लाठीचार्ज कर गई। इस बवाल के दौरान आरजी कर पीड़िता के माता-पिता भी घायल हो गए हैं। खबर है कि भाजपा नेता अधिकारी और अग्निमित्रा पॉल पुलिस कार्रवाई के विरोध में वहीं धरने पर बैठ गए हैं।

### पुलिस सभास्थल तक पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही: पीड़िता के पिता

पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय की ओर से हमें शांतिपूर्ण विरोध रैली आयोजित करने की अनुमति दिए जाने के बावजूद पुलिस हमारे साथ सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों के वाहनों को रोककर उन्हें सभा स्थल तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की। पीड़िता की मां ने कहा कि वे हमें क्यों रोक रहे हैं? हम बस सचिवालय पहुंचना चाहते हैं।

### पीड़िता के लिए न्याय ममता इस्तीफा दें

प्रदर्शनकारियों को 10 फीट ऊंचे बैरिकेडों को लांघने की कोशिश करते देखा गया। आंदोलनकारियों को लोहे की दीवारों को तोड़ने और उनमें छेद करने के लिए कुंद औजारों का इस्तेमाल करते हुए भी देखा गया, ताकि वे आगे बढ़ सकें। प्रदर्शनकारियों को तिरंगे के अलावा पोस्टर और बैनर लिए देखा गया। इन पर पीड़िता के लिए न्याय और मुख्यमंत्री ममता के इस्तीफे की मांग की गई थी।

### सुवेंदु ने ममता सरकार पर धमकाने का लगाया आरोप

सुवेंदु ने घटना के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'नबन्ना' तक शांतिपूर्ण मार्च निकालने का संकल्प लिया। अधिकारी ने ममता बेनर्जी सरकार पर धमकाने और अत्यधिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को गंतव्य तक पहुंचने से रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं।

### लाठीचार्ज से भड़के भाजपा विधायक डिंडा के बिगड़े हालात

## इतना मारेंगे कि पुलिस को ममता के आंचल में छिपना पड़ेगा



'नबन्ना अभियान' के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शन में उनके साथ पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुवेंदु अधिकारी और पार्टी के अन्य विधायक भी शामिल हुए। ये पीड़िता के लिए न्याय की मांग लगातार कर रहे हैं।

### अब दिन दूर नहीं जब पुलिस को पीटेंगे

प्रदर्शन के दौरान स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस प्रदर्शन में भाजपा विधायक अशोक डिंडा भी शामिल थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री ममता और बंगाल पुलिस पर निशाना साधा। अशोक डिंडा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब हम पुलिस को भी पीटेंगे। पुलिस की खूब पिटाई होगी।

### राहुल के रात्रिभोज पर छिड़ गई जंग

# उद्धव को अंतिम पंक्ति में बैठाया शरद ने अनावश्यक विवाद कहा




एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे को लेकर छिड़े विवाद को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने इस विवाद को बुतुका और गैर-जरूरी बताया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आवास पर गुरुवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के लिए एक डिनर पार्टी आयोजित की गई थी। इस दौरान उद्धव को अंतिम पंक्ति में बैठा दिखाया गया। इसे लेकर सियासी घमासान छिड़ गया। कई लोगों ने इसे शिवसेना और महाराष्ट्र का अपमान बताया।

### 'वोट चोरी' का आरोप कागजों पर आधारित

शरद ने शनिवार को कहा कि राहुल का 'वोट चोरी' वाला आरोप अच्छी तरह से शोध और दस्तावेजों पर आधारित था। इस मामले की जांच करना चुनाव आयोग का काम है। नागपुर में शरद ने स्वीकार किया कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी को महाराष्ट्र में चुनाव से पहले अधिक सावधान रहना चाहिए था। हमें पहले ही इस पर गौर करना चाहिए था।

### 160 सीटों पर जीत की गारंटी दी

शरद ने दावा किया कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो लोगों ने नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की थी और 288 में से 160 सीटों पर विपक्ष की जीत की गारंटी दी थी। पवार ने कहा कि उन्होंने दोनों को राहुल से मिलवाया था।

## फड़नवीस-शिंदे ने कसा तंज

### ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी



भाजपा ने उद्धव के पीछे बैठने को लेकर तंज कसा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि डिनर पार्टी में उद्धव ठाकरे को सबसे पीछे बैठाकर उनका अपमान किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि जब अविभाजित शिवसेना एनडीए का हिस्सा थी तो उद्धव हमेशा पहली पंक्ति में बैठते थे। लेकिन अब हमें पता चल गया है कि उन्हें गठबंधन में किस तरह का सम्मान मिलता है। उनको गठबंधन ने सही जगह बता दी है।

### कांग्रेस ने सही जगह दिखाई: शिंदे



उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी उद्धव का मजाक उड़ाया और कहा कि कांग्रेस ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है। शिंदे ने कहा कि जो लोग आत्म-सम्मान को गिरवी रख देते हैं और बाल ठाकरे के आदर्शों को त्याग देते हैं, कांग्रेस ने उन्हें उनकी जगह दिखा दी है।

# हाईकोर्ट ने मोहल्ला क्लीनिक कर्मचारियों को नौकरी से हटाने से पहले दो महीने का नोटिस देने को कहा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से कहा है कि यदि वह अगले साल 31 मार्च से पहले आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक (एएएमसी) के कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का प्रस्ताव रखती है, तो वह उनके कर्मचारियों को दो महीने पहले नोटिस दे। उच्च न्यायालय का यह आदेश एएएमसी कर्मचारियों की याचिका पर आया, जिन्हें पिछली आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था।

**याचिका में कर्मचारियों ने नौकरी से निकालने के खिलाफ आदेश देने का अनुरोध किया था**

याचिका में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने तथा उनके स्थान पर अन्य अनुबंधित कर्मचारियों को रखने के खिलाफ निर्देश देने का अनुरोध किया गया। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने छह अगस्त को याचिका का निपटारा करते हुए निर्देश दिया, यदि प्रतिवादी (दिल्ली सरकार) 31 मार्च, 2026 से पहले याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति इस आधार पर समाप्त करने का प्रस्ताव रखते हैं कि नए कर्मियों की नियुक्ति की गई है..., तो उन्हें संबंधित... (कर्मचारियों) को दो सप्ताह का नोटिस देने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने मंगलवार को डॉक्टरों की याचिका पर इसी तरह का आदेश पारित किया, जो एएएमसी में काम करने के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्त किए गए थे और 2016 से 2015 के बीच समय-समय पर उनकी नियुक्ति बढ़ाई गई थी।

### एम्स-दिल्ली के शोधकर्ताओं ने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध पर पुनर्विचार का आह्वान किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं ने भारत में ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध की पुनः समीक्षा करने का सुझाव दिया है। ई-सिगरेट बैटरी से चलते हैं और इन्हें 'इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम' (ईएनडीएस) भी कहा जाता है। भारत ने 2019 में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम (पीईसीए) के जरिए ऐसे उपकरणों की बिक्री, भंडारण और निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया। वर्तमान साक्ष्यों के आलोक में इस प्रतिबंध के प्रभावों की पड़ताल करते हुए, एम्स-दिल्ली के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शंकर और डॉ. वैभव साहनी ने इस महीने 'जेसीओ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी' में प्रकाशित एक लेख में कहा कि ऐसे उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध मांग को अवैध विपणन की ओर ले जा सकता है (और ले भी चुका है)।

### प्रधानमंत्री मोदी का विश्व संस्कृत दिवस पर संदेश

# संस्कृत के महत्व को किया उजागर उसे ज्ञान का प्राचीन स्रोत बताया

सरकार भाषा को बढ़ाने का लगातार कर रही प्रयास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस पर कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में संस्कृत भाषा को आगे बढ़ाने कई काम किए हैं। उन्होंने बताया कि संस्कृत ज्ञान का एक बहुत पुराना स्रोत है और इसका असर हमारे जीवन के हर हिस्से में देखा जा सकता है। मोदी ने कहा कि यह इस भाषा को सीखने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयासरत सभी लोगों के प्रयासों की सराहना करने का अवसर है। यह दिवस प्रतिवर्ष 'श्रावण पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर मनाया जाता है।

### सरकार के कदमों की जानकारी दी



उन्होंने अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को उजागर करने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना, संस्कृत शिक्षण केंद्रों की स्थापना, भाषा के विद्वानों को अनुदान देने और प्राचीन संस्कृत पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण अभियान की शुरुआत जैसे उपायों का हवाला दिया।

### प्रभावशाली प्राचीन पुस्तकें संस्कृत में लिखी गईं

उन्होंने कहा कि इससे अनगिनत छात्रों और शोधकर्ताओं को लाभ हुआ है। हिंदू महाकाव्यों सहित कई प्रभावशाली प्राचीन पुस्तकें संस्कृत में लिखी गई हैं, एक ऐसी भाषा जो अब मुख्यतः धार्मिक कार्यों में ही सीमित रह गई है।

## नियमों के उल्लंघन पर निर्वाचन आयोग की कार्रवाई

# 334 पंजीकृत गैरमान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

### वर्तमान में छह राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है, जो 2019 से छह साल तक एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। इन दलों के कार्यालय भी कहीं नहीं मिले। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ये 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। इस कवायद के बाद कुल 2,854 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से अब 2,520 ही बचे हैं। वर्तमान में, छह राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं।

*छह साल तक चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे*

### जून में निर्वाचन आयोग ने ऐसे दलों पर कार्यवाही शुरू की




इस साल जून में निर्वाचन आयोग ने 345 ऐसे दलों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की थी और अंततः 334 को सूची से हटा दिया। अधिकारियों ने बताया कि 2001 से अब तक, निर्वाचन आयोग निष्क्रिय आरयूपीपी को "तीन से चार" बार हटा चुका है। शीर्ष अदालत ने पहले यह कहते हुए निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों की "मान्यता रद्द" करने से रोक दिया था कि यह कानून के तहत निर्धारित नहीं है।

### धनशोधन विरोधी कानून का उल्लंघन करते हुए पाया

हालांकि, निर्वाचन आयोग ने "राजनीतिक दलों को सूची से हटाने" का एक तरीका खोज लिया है। आयोग के एक पूर्व पदाधिकारी ने बताया कि सूची से हटाए गए दलों को निर्वाचन आयोग बिना किसी नई मान्यता प्रक्रिया में उलझाए फिर से सूचीबद्ध कर सकता है। अतीत में कुछ आरयूपीपी को आयकर कानूनों और धनशोधन विरोधी कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया था।

### चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं तो राहुल और प्रियंका गांधी लोकसभा से इस्तीफा दें : भाजपा

**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो)।** भाजपा ने एक बार फिर शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने चुनाव आयोग पर लगाये गए आरोपों को लेकर राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है तो उन्हें लोकसभा से इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अपने 'वोट चोरी' वाले आरोप पर कोई लिखित बयान नहीं दिया। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शनिवार को एक पत्रकार वार्ता में यह कहते हुए सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी इस्तीफे की मांग की कि कांग्रेस चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठाकर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर रही है। भाटिया ने कहा कि अगर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और सांसद प्रियंका गांधी को भी चुनाव प्रक्रिया में भरोसा नहीं है, तो उन्हें भी राज्यसभा और लोकसभा से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी मीडिया के सामने बेबुनिया आरोप लगाते हैं और जब संवैधानिक संस्था आपसे सबूत और लिखित बयान मांगती है, तो देने से इनकार कर देते हैं। गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने स्पष्ट कहा था कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कोई शक नहीं है और यह एक सच्चाई है कि आयोग ने वर्षों में एक ईमानदार संस्था के रूप में पहचान बनाई है।

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**
**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर साइंस में**
**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) द्वारा आयोजित तदनुसार राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं (एनएसईएस) (विज्ञान विषयों के लिए) में अवश्य उपस्थित होना चाहिए।

एनएसई में योग्यता 2026 के तदनुसार अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड्स में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए :
एनएसईएस : https://www.iapt.org.in (21 अगस्त–14 सितंबर, 2025)
अधिक जानकारी के लिए : https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in
CBC 48143/12/0005/2526

**भारत के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ वार अदावत का रुख अख्तियार करता जा रहा है। ट्रंप ने अपने टैरिफ वार से विश्व के देशों की आंखें खोली हैं कि अमेरिका किसी भी देश का हितैषी नहीं है, उसे बस अपने से मतलब है। ट्रंप ने विश्व में अमेरिका के लोकतंत्र के रक्षक, ग्लोबल ऑर्डर के नियंता और महाशक्ति होने के तिलिस्म को भी तोड़ दिया है। अब अमेरिका एक साधारण राष्ट्र है, जो अपने बेशुमार कर्ज से उबरने के लिए संघर्षरत है। भारत पर ट्रंप के 50 फीसदी शुल्क ऐलान के बाद नई दिल्ली ने संयमित रहते हुए वाशिंगटन को दो टूक संदेश दिया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों व ऊर्जा सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। भारत के लिए अमेरिका ने शुल्कात्याचार से ऐसी संकटपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है कि वह नए वैश्विक ऑर्डर की तरफ सरक रहा है। पीएम मोदी एससीओ की बैठक में चीन जा सकते हैं, चीन ने इसका स्वागत किया है, वहां मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग मिल सकते हैं। मोदी व पुतिन ने बात की है, वर्ष के अंत तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आएंगे। ब्राजील ने मोदी व शी के साथ सहयोग बढ़ाकर टैरिफ वार का हल निकलने की बात की है। यानी ब्रिक्स ध्रुवीकृति हो रहा है। मौजूदा परिस्थिति में भारत के लिए अपनी ट्रेडकूटनीति को आगे बढ़ाने के मौके का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# भारत के लिए ट्रेडकूटनीति का मौका



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के विरुद्ध टैरिफ बम प्रयोग करने की जो आक्रामक व्यापारिक रणनीति अख्तियार की है, बाकायदा इसके चलते हुए अमेरिका द्वारा एशिया में भारत सरीखे एक करीबी साझेदार को निश्चित तौर पर गंवाया जा सकता है। रूस-यूक्रेन जंग को समाप्त कराने का ट्रंप का दंभपूर्ण दावा एकदम खोखला साबित हुआ। अतः राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धरत रूस की अर्थव्यवस्था पर प्रबल प्रहार करने के लिए भारत को भी अपना निशाना बना डाला। इसमें कोई शक नहीं कि भारत के विरुद्ध ट्रंप द्वारा प्रारम्भ की गई टैरिफ वार में अमेरिका को भारत से भी कहीं ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि विश्व पटल पर ट्रंप की विदेश नीति एक बेहद गलत दिशा में प्रस्थान कर चुकी है।**

सात अगस्त को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के विरुद्ध अपने द्वारा ही घोषित किए गए आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से दो गुना करके 50 प्रतिशत कर दिया। अधिक वक्त पुराना दौर नहीं था, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तक़रीर पर अमेरिका की संसद में जोरदार तालियां गूंज उठीं थी। एक ऐतिहासिक वक्त इस बात का गवाह रहा कि दो शक्तिशाली ध्रुवों के मध्य फिर से निरंतर विभाजित हो रही दुनिया में भारत वस्तुतः अमेरिका का एक भरोसेमंद पार्टनर बनता जा रहा था। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बहुत ही खुले दिल और गर्म जोशी से नरेंद्र मोदी का खैरमक़दम किया था। इस शानदार खैरमक़दम के पीछे जो बाइडेन के दो रणनीतिक मक़सद थे। पहला मक़सद था कि यूक्रेन पर रूस के हमले के मामले में भारत को स्पष्ट कूटनीतिक रुख अख्तियार करने के लिए रजामंद करना। दूसरा मकसद था कि भारत को एक ऐसे गठबंधन में बाकायदा शामिल करना जो कि चीन के निरंतर बढ़ते हुए वैश्विक प्रभाव का बखूबी सामना कर सके।

## प्रबल रणनीतिक साझेदार भी रहा भारत

डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी दफा राष्ट्रपति पद पर सत्तासीन होने से ठीक पहले तक, भारत यकीनन अमेरिका की दृष्टि में केवल उसका सिर्फ एक व्यापारिक साझेदार ही नहीं था, वरन् एक प्रबल रणनीतिक साझेदार भी रहा। अमेरिका की नजरों में भारत एशिया में लोकतंत्र का सबसे प्रबल पैरोकार और ताकतवर स्तंभ भी रहा। राष्ट्रपति डब्ल्यू जार्ज बुश से लेकर जो बाइडेन तक अमेरिका के सभी राष्ट्रपतियों द्वारा भारत को रणनीतिक नजरिए से फ्री एंड ओपेन इंडो पैसेफिक के लिए अत्यंत आवश्यक सहयोगी करार दिया गया। अमेरिका और भारत द्वारा एकजुट होकर रक्षा, विज्ञान, तकनीक, नौसेनिक अभ्यास, और क्वाड फ्रंट में एक प्रबल सहयोगी के तौर पर शानदार काम अंजाम दिया। वर्ष 2024 में भारत और अमेरिका द्वारा दस वर्षीय रक्षा रोडमैप का सृजन किया गया और परस्पर व्यापार को 500 अरब डालर तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह संबंध को आगे ले जाने की पहल थी।

## अमेरिका गंवा सकता है करीबी साझेदार

अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के विरुद्ध टैरिफ बम प्रयोग करने की जो आक्रामक व्यापारिक रणनीति अख्तियार की है, बाकायदा इसके चलते हुए अमेरिका द्वारा एशिया में भारत सरीखे एक करीबी साझेदार को निश्चित तौर पर गंवाया जा सकता है। दिल्ली स्थित आर्थिक मामलों के एक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव का तथ्यात्मक और तार्किक अनुमान है कि अमेरिका को भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले सामान 50 प्रतिशत तक गिर सकते हैं। इसी वर्ष 2025 के



फरवरी महीने में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर थे, तो उस वक्त भी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों में अनेक अंतरराष्ट्रीय जानकार एक गहरी अंतरविरोधी रणनीतिक उलझन देख रहे थे। अमेरिका के जाने माने अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन का कथन है कि डोनाल्ड ट्रंप का बुनियादी चरित्र एक कुशल व्यापारी का रहा है, ना कि एक प्रखर दूरदर्शी राजनेता का। अतः राष्ट्रपति ट्रंप व्यापारिक संबंधों को कूटनीतिक हथियार को तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने मिथ्या दंभ से परिपूर्ण एक घोषणा की थी कि अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने के 24 घंटे के अंदर ही यूक्रेन और रूस की जंग को खत्म करा देंगे, लेकिन ट्रंप को राष्ट्रपति पद की शपथ लिए हुए तकरीबन सात महीने व्यतीत हो चुके हैं और रूस-यूक्रेन जंग को समाप्त कराने का उनका दंभपूर्ण दावा एकदम खोखला साबित हुआ। अतः राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्धरत रूस की अर्थव्यवस्था पर प्रबल प्रहार करने के लिए रणनीतिक मित्र राष्ट्र भारत को भी अपना निशाना बना डाला।

## दोनों देशों को होगा आर्थिक नुकसान

आर्थिक संकट की इस विकट घड़ी में भारत के लिए आखिरकार आगे का क्या रास्ता है? चीनी कूटनीति के जाने माने विशेषज्ञ हुआंग का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम हमले में भारत को तात्कालिक तौर पर जबरदस्त आर्थिक नुकसान उठाना ही होगा। भारत के विरुद्ध ट्रंप द्वारा प्रारम्भ की गई टैरिफ वार में अमेरिका को भारत से भी कहीं ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि विश्व पटल पर ट्रंप की विदेश नीति एक बेहद गलत दिशा में प्रस्थान कर चुकी है। डिप्लोमेट हुआंग को प्रतीत होता है कि अमेरिका की इस आक्रामक रणनीति से भारत और चीन कूटनीतिक तौर पर एकदम निकट आ सकते हैं। कूटनीतिक निकटता के इस प्रस्थान बिंदु से चीन और भारत एक साथ अमेरिका के व्यापारिक दबाव का जमकर मुकाबला करने के लिए खड़े हो जाएंगे। हुआंग के मुताबिक शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शिरकत करना तकरीबन तय हो चुका है। चीन स्वागत को तैयार है।

## भारत का ट्रंप को ताकतवर पैगाम

एससीओ के शिखर मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग का एक साथ खड़ा होना ही डोनाल्ड ट्रंप के लिए ताकतवर पैगाम होगा कि चीन की तरह से भारत भी किसी अंतरराष्ट्रीय अमेरिकन धौंस और दबाव के आगे कदाचित नहीं झुकेगा। पीएम मोदी ने न झुकने का ऐलान भी किया है। ट्रंप ने चीन पर प्रारंभ में 50 प्रतिशत टैरिफ आयद किया था। उसके प्रत्युत्तर में चीन द्वारा अमेरिका पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ आयद किया गया तो चीन द्वारा भी अमेरिका पर 100 प्रतिशत टैरिफ आयद किया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ आक्रमण का चीन द्वारा ट्रंप को उन्हीं की टैरिफ रणनीति में कड़ा आक्रामक जवाब दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप अंततः चीन के विरुद्ध एकदम नरम पड़ गए और चीन पर केवल 10 प्रतिशत टैरिफ आयद करने पर आकर टिक गए। उल्लेखनीय है कि अपने विगत कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन के विरुद्ध ट्रेड वार संचालित करने का ऐलान किया गया था। आखिरकार क्या परिणाम निकला। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चीन और अधिक ताकतवर होकर उभरा। राष्ट्रपति ट्रंप अपनी मिथ्या वाणी और दबाव परिवर्तित करने के लिए सारी दुनिया में जाने पहचाने गए हैं। अमेरिका के प्रति चीन का दृष्टिकोण और कार्यनीति से एकदम पृथक रही। अमेरिका द्वारा भारत पर आयद 50 प्रतिशत टैरिफ पर वस्तुतः भारत सरकार की प्रतिक्रिया अत्यंत संतुलित किंतु दो टूक रही है।

## टैरिफ का फैसला अनुचित और बेबुनियाद

भारतीय विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद करने के फैसले को एकदम अनुचित और बेबुनियाद करार दिया है। भारत सरकार का कहना है कि भारत को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए तेल आयात करने का निर्णय लेना है। यकीनन भारत ने टैरिफ आयद करने पर अमेरिका को चीन और ब्राजील के लहजे में कदाचित नहीं ललकारा है। भारत सरकार ने अत्यंत शालीन और संतुलित शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भारत सरकार द्वारा अपने बयान में फिर से दोहरा दिया गया है कि अपने राष्ट्रीय हितों की हिफाजत करने की खातिर सभी आवश्यक फैसले ले लिए जाएंगे। भारत वस्तुतः अमेरिका से कोई कूटनीतिक तकरार में उलझना नहीं चाहता है। विगत दो दशक में निर्मित हुए भारत-अमेरिका संबंधों को कदाचित बिगाड़ना नहीं चाहता है। स्मरण करें कि जब एक ऐतिहासिक दौर में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को सैन्य संगठन सेंट्रल ट्रीट्री ऑर्गेनाइजेशन (सेंटो) का सदस्य बनाया, पाक के साथ सैन्य संधि अंजाम देकर भारत के विरुद्ध उसको आधुनिकतम हथियारों से सन्नद किया था। उस दौर में भी भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों को सदैव सहज और सामान्य बनाए रखा था। भारत द्वारा गुटनिरपेक्ष नीति का परिपालन करते हुए कोल्ड वार के विकट दौर में भी दो शक्तिशाली सैन्य ध्रुवों के मध्य अपने कूटनीतिक संतुलन को कायम बनाए रखा गया था। सन् 1956 में स्वेज कैनाल सैन्य संकट और सन् 1961 में क्यूबा सैन्य संकट के दौरान विश्वयुद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया को बचाने और संकटों का निदान करने के लिए इतिहास भारत के किरदार को स्मरण करेगा। यही कारण था कि 1962 में जब भारत पर चीन ने सैन्य आक्रमण अंजाम दिया था, उस वक्त भारत के पक्ष में सोवियत रूस और अमेरिका एक साथ खड़े हो गए थे। भले ही लोकतांत्रिक भारत में सरकारें तब्दील होती रही हैं किंतु भारत अपनी कसौटी पर खरी उतरी स्वतंत्र विदेश नीति पर निरंतर कायम बना रहा है।

## मोदी का चीन दौरा महत्वपूर्ण सिद्ध होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभावित चीन दौरा भी बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की विदेश नीति अपने मित्र देशों पर टैरिफ के जरिए केवल कूटनीतिक दबाव कायम करने की कुटिल रणनीति है। रूस-भारत-चीन (आरआईसी) कूटनीतिक त्रिकोण को निर्मित करने का प्रयास निरंतर गति से जारी है। यदि वास्तव में यह प्रस्तावित कूटनीतिक त्रिकोण व्यवहार में आकार ले लेता है तो फिर भारत-चीन के मध्य विद्यमान रहा तनाव समाप्त हो सकता है। पाकिस्तान के प्रति चीन द्वारा अंजाम दिया जा रहा अंध समर्थन खत्म हो सकता है। राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए रेड कार्पेट के स्थान पर कांटे बिछा दिए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप को उम्मीद है कि टैरिफ आक्रमण से संभवतया रूस के साथ अपने गहरे व्यापारिक और सामरिक ताल्लुकात को तोड़ लेने के लिए भारत सरकार को विवश कर सकेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप को तनिक भी एहसास नहीं है कि भारतीय जनमानस में रूस के प्रति कितना गहन लगाव विद्यमान रहा है। जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका सहित समस्त पश्चिम कश्मीर पर भारत के विरुद्ध एकजुट था, तब तत्कालीन सोवियत रूस ने भारत के पक्ष में छह दफा वीटो का इस्तेमाल किया था। भारत इसको कैसे भूल सकता है। बांग्लादेश युद्ध के दौर में जब अमेरिका खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा हो गया था तो केवल रूस की सक्रिय इमदाद और सैन्य समर्थन से भारत ने यह युद्ध निर्णायक तौर पर जीत लिया था। आजादी के बाद भारत की औद्योगिक प्रगति में सोवियत रूस द्वारा अविस्मरणीय योगदान प्रदान किया गया। केंद्र में कोई भी हुकूमत कायम रहे, वह भारतीय जनमानस के रूस के प्रति अगाध सम्मान और स्नेह की उपेक्षा करके अमेरिका के दबाव में रूस से भारत का ऐतिहासिक संबंध तल्ख करने का खतरा नहीं उठा सकती।

---

# वैश्विक अर्थव्यवस्था हो सकती है प्रभावित



ट्रंप टैरिफ
प्रो. महेश चंद गुप्ता
शिक्षाविद्, विचारक एवं चिंतक

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण अमेरिका लंबे समय से वैश्विक आर्थिक नीतियों पर दबदबा बनाए हुए है। यह दबदबा अब खुलेआम दादागिरी का रूप ले चुका है, खासकर जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मनमाने टैरिफ लगाकर देशों को आर्थिक रूप से झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ की घोषणा ने इस दादागिरी को और स्पष्ट कर दिया है। यानी कुल मिलाकर 50 फीसदी का टैरिफ। यह न सिर्फ व्यापारिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगा, बल्कि वैश्विक व्यापार संतुलन पर भी असर डालेगा। ट्रंप को भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति है, जबकि विडंबना यह है कि चीन भी यही कर रहा है और अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम और खाद खरीद रहा है। यानी सिद्धांत और व्यवहार में अमेरिकी नीति दोहरे मानदंडों से भरी है। सवाल यह है कि भारत क्यों अपने हितों को ताक पर रखकर अमेरिकी दबाव में काम करे? कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारत पर टैरिफ बढ़ोतरी के एलान के बाद पहली बार एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिक्रिया ने भारत के अडिग रुख को और मजबूती से सामने रखा है। उससे भारत का अडिग रवैया परिलक्षित हो रहा है।

## राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता

मोदी ने साफ कह दिया है कि हमारे लिए, हमारे किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे उसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े। भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। यह वक्तव्य बताता है कि भारत अब वैश्विक दबावों के आगे नतमस्तक नहीं होगा। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के आंकड़ों के अनुसार भारत-अमेरिका के बीच वार्षिक व्यापार 11 लाख करोड़ रुपये का है। भारत अमेरिका को 7.35 लाख करोड़ रुपये का निर्यात करता है, जिसमें दवाइयां, दूरसंचार उपकरण, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं। वहीं, अमेरिका से भारत 3.46 लाख करोड़ रुपये का आयात करता है, जिसमें कच्चा तेल, कोयला, हीरे, विमान व अंतरिक्ष यानों के पुर्जे शामिल हैं। लेकिन यहां चिंता की बात यह है कि चीन, वियतनाम, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे देशों पर अमेरिका ने इतना भारी शुल्क नहीं लगाया है, जिससे उनके उत्पाद भारतीय उत्पादों की तुलना में अमेरिकी बाजार में सस्ते पड़ेंगे। फिर भी, मोदी सरकार का रवैया दृढ़ है। साठ के दशक में हम गेहूं, दूध के लिए भी अमेरिका पर निर्भर थे लेकिन लगता है ट्रंप ने उन दिनों लिखी गई कोई किताब ताजा मानकर पढ़ ली है। उन्हें आज भी पुराना भारत दिख रहा है, जिसे वह झुकाने की सोच रहे हैं। उन्हें यह समझ में आ जाना चाहिए कि अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा है।

## भारत बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

भारत आत्मनिर्भर एवं विश्व में तेजी से बढ़ती हुई अर्थ व्यवस्था है। इसका पूरे विश्व में दबदबा बढ़ रहा है। उद्योग जगत भी इस दबाव को एक



अवसर के रूप में देख रहा है। उद्योगपति हर्ष गोयनका का कहना है कि अमेरिका निर्यात पर टैरिफ लगा सकता है, लेकिन हमारी संप्रभुता पर नहीं। आनंद महिंद्रा ने तो यह भी कहा कि जैसे 1991 के विदेशी मुद्रा संकट ने उदारीकरण की राह खोली थी, वैसे ही यह टैरिफ संकट भी हमें आत्मनिर्भरता की दिशा में गति दे सकता है। ललित मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ट्रंप को 2023 की उस रिपोर्ट की याद दिलाई है, जो अमेरिका की कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने ही जारी की थी। गोल्डमैन सैक्स ने इस रिपोर्ट में कहा था कि भारत 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो न केवल जापान और जर्मनी, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका को भी पीछे छोड़ देगा। वर्तमान में, भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तेजी से आगे बढ़ रही है। अमेरिका की आर्थिक दादागिरी कोई नई बात नहीं है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही वह वैश्विक आर्थिक नीतियों में अपनी शर्तें थोपता आया है, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। चीन पहले ही उसके दबाव में नहीं आ रहा और अब भारत भी साफ संकेत दे रहा है कि उसकी प्राथमिकता अपने राष्ट्रीय हित हैं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक युद्ध रोकने का श्रेय लेने की अमेरिकी कोशिश को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। यही रुख अब टैरिफ विवाद में भी नजर आ रहा है। मोदी सरकार का लक्ष्य स्पष्ट है कि मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और इंडिया फर्स्ट जैसी नीतियों के जरिये 2047 तक भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ राजनीति भारत के आत्मनिर्भरता अभियान को और तेज कर सकती है। धैर्य और संयम के साथ नेतृत्व करना भारत की ताकत है। रामचरितमानस का वह प्रसंग याद आता है जब विभीषण ने युद्ध के समय श्रीराम से कहा कि रावण के पास सब कुछ है, पर आपके पास कुछ नहीं। तब श्रीराम ने उत्तर दिया कि सबसे बड़ी शक्ति धैर्य, शांति और सहनशीलता है। यही नीति आज भारत के नेतृत्व में झलक रही है, जहां ट्रंप अभिमान में हैं, वहीं भारत दृढ़ता और शांति के साथ आगे बढ़ रहा है। इतिहास ने साबित किया है कि अमेरिका कभी भी भारत का स्थायी मित्र नहीं रहा। ट्रंप की नीतियों का विरोध अमेरिका के भीतर भी हो रहा है। ऐसे में बदलते समीकरण भारत के लिए नए अवसर खोल सकते हैं। ट्रंप भले ही मनमाना रवैया अपनाए हुए हैं पर वह भी फंस रहे हैं। टैरिफ के मुद्दे पर उनका अमेरिका में भी विरोध हो रहा है। बदले परिदृश्य में नए वैश्विक समीकरण बनने की संभावनाएं हैं। ट्रंप का रुख चीन के साथ भारत के संबंधों को बदल सकता है। पीएम मोदी इस महीने के आखिर में सात सालों के बाद चीन के दौरे पर जा रहे हैं। वह वहां तिआनजिन में आयोजित होने वाली शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट में शामिल होंगे।

## चीन से सुधर सकता है रिश्ता

मोदी का यह चीन दौरा ऐसे समय में होने जा रहा है, जब दोनों देशों के रिश्तों को सुधारने की कोशिशें चल रही हैं। भारत बहुत बड़ा बाजार है, जिसकी चीन को सख्त जरूरत है। भारत में जब भी स्वदेशी का मुद्दा उठता है तो चीन इसे अपने खिलाफ मानता है। स्वदेशी की अवधारणा का चीनी उत्पादों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में चीन क्यों नहीं चाहेगा कि उसके भारत के साथ संबंध मधुर हों। खासकर, तब जब अमेरिका खुद ही भारत से दूरियां बढ़ा रहा है। चीन को भारत के विशाल बाजार की जरूरत है, और अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में दूरी बढ़ने से बीजिंग अपने संबंध सुधारने को उत्सुक होगा। अमेरिका की आर्थिक दादागिरी भले ही अभी भी जारी हो, पर बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का आत्मविश्वास, अडिग रुख और दूरदर्शी नेतृत्व इसे न सिर्फ झेलने में सक्षम है, बल्कि इसे अपने विकास की सीढ़ी भी बना सकता है।

---

# शुल्क युद्ध से एक हो रहे रूस, चीन व भारत



टैरिफ वार
विकेश कुमार बडोला
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप नीतिगत रूप से दिग्भ्रमित प्रतीत हो रहे हैं। पहल वे स्वयं डीप स्टेट के विरुद्ध अमेरिका और दुनिया में एक राजनीतिक विद्रोह छेड़े हुए थे, किंतु अब प्रतीत होता है कि वे भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं पूर्ण करने के चंगुल में फंसकर शुल्क युद्ध छेड़े हुए हैं। भारत के विरुद्ध दस-बारह से आरंभ हुआ अमेरिकी शुल्क युद्ध अभी 25 तथा अगस्त बीतने पर 50 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार की निर्धारित, प्रमान्य एवं एक दशक से चल रही लगभग संतुलित नीतियों को अमेरिका ने वास्तव में असंतुलित कर दिया है। वस्तु उद्योग, सेवा उद्यम और वस्तु व सेवा की अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति शृंखला को धरातल पर अमेरिकी पचास प्रतिशत शुल्क द्वारा वास्तव में कितनी हानि पहुंचेगी, यह तो बाद में ही पता चलेगा, लेकिन पचास प्रतिशत तक शुल्क बढ़ाने के अमेरिकी निर्णय ने भारत से संबंधों की गत एक दशक से बनी समझ, सामंजस्य तथा इसके परिणाम से उत्पन्न लाभ की स्थितियां लगभग समाप्त कर दी हैं। यह एक स्तर की हानि है। जैसे-जैसे समय व्यतीत होगा, दोनों देशों का व्यापार जगत, उपभोक्ता जगत, बैंकिंग, बीमा एवं शेयर बाजार का क्षेत्र भी भिन्न-भिन्न अज्ञात अर्थहानियों का सामना करेंगे।

## रूस से तेल खरीद पर नाराज ट्रंप

राजनीतिक दृष्टिकोण के साथ भारतवासी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को कितना ही कोस लें, किंतु भारत पर शुल्क को पचास प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय ट्रंप के व्यक्तिगत अहंकार, हठ एवं श्रेष्ठता के दंभ के आलोक में ही नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में यह यही इंगित करता है कि अमेरिका को रूस से कच्चा तेल आयात करने के भारत के जिस कार्य व निर्णय से सर्वाधिक समस्या है, उससे भारत को 2022 के बाद अत्यधिक लाभ हुआ है। लगभग पूरे वर्ष तक संपूर्ण यूरोप भारत के उस परिशोधित ईंधन पर ही आश्रित रहा, जो समुद्र या धरती के विशेष स्थानों से उत्खनन के बाद रूस द्वारा सीधे भारत को आयात किया जा रहा था। रूस से कच्चे तेल का आयात और परिशोधन के बाद यूरोप के 27 देशों समेत अनेक अन्य देशों को निर्यात, इस कार्य में भारत सिद्धहस्त हो चुका है। भारत से परिशोधित तेल मंगाने वाले देशों को दुनिया में सबसे निम्न मूल्य पर तेल उपलब्ध हो रहा है। तेल आयात एवं निर्यात आधारित यह पूरा चक्र एक बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इसमें पहला बड़ा लाभार्थी भारत तो दूसरा रूस है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में रूस इसी अर्थव्यवस्था के बल पर संपूर्ण यूरोप में पश्चिमी यूरोप का एकमात्र देश था, जिसकी अर्थव्यवस्था यूक्रेन युद्ध के बाद भी सबसे समृद्ध थी।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत ने इस आधार पर पहले फ्रांस, फिर इंग्लैंड और अब जापान को पीछे करके विश्व की चतुर्थ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्वरूप ग्रहण कर लिया है। अब प्रथम स्थान पर 30.50 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ अमेरिका, 19.23 ट्रिलियन डॉलर के साथ द्वितीय स्थान पर चीन,



4.74 ट्रिलियन डॉलर के साथ तृतीय स्थान पर जर्मनी तथा 4.19 ट्रिलियन डॉलर के साथ भारत चतुर्थ स्थान पर है। भारत की आर्थिक स्थिति को अकस्मात, कोरोना महामारी के कारण अर्थजगत में मंदी के बाद भी, आगे बढ़ने का अवसर तब ही प्राप्त हुआ जब रूस से तेल आयात और फिर आशोधन के बाद उस तेल के निर्यात से भारत के लाभ व आरक्षितियों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। गत चार वर्ष में भारत इस उद्योग एवं व्यापार का एक अनुभवी देश बन चुका है। इस लाभार्जनकारी अनुभव के आधार पर भारत के उज्ज्वल आर्थिक भविष्य की नींव अत्यधिक शक्तिशाली हो चुकी है। रूस के साथ भारत का व्यापारिक एवं सामरिक संबंध हमेशा विश्वास व निष्ठा आधारित रहा है। दोनों देशों ने, विशेषकर रूस ने आसन्न संकटों के समय सदैव भारत का साथ दिया। दोनों देश पारस्परिक सहभागिता, सहकारिता एवं सहयोगपरक दृष्टिकोण के कारण ही कोरोना काल में भी अपनी-अपनी अर्थव्यवस्थाओं को तेल के कारोबार के कारण संतुलित रख पाए। कारोबार के सफल क्रियान्वयन को तीन-चार वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, तो अमेरिका को टीस उभरी है। पहले पहल अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोचा कि भारत-अमेरिका के मध्य होने वाले व्यापार अनुबंध में वे व्यापक व लाभकारी अमेरिकी हितों के अनुरूप भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को मनाकर उन्हें इसके लिए सहमत कर लेंगे और ऐसा होने पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था भारतीय उपभोक्ताओं एवं बाजारों के आधार पर अभूतपूर्व लाभ अर्जित करेगी। तब उन्हें भारत व रूस के तेल कारोबार से उभरती नई वैश्विक अर्थव्यवस्था से अधिक समस्या नहीं थी। किंतु पाकिस्तान आधारित अपने सामरिक हितों को भारत के सैन्याक्रमण से हुई हानि के बाद तो अमेरिका के लिए भारत केवल रूस के साथ तेल का कारोबार करके लाभार्जित करने वाले देश के रूप में ही नहीं, अपितु रूस की सहायता से अस्त्रों-शस्त्रों की नवोन्नत प्रौद्योगिकी विकसित करने वाले ऐसे देश के रूप में भी उभरा है, जिसके हथियार अमेरिकी हथियारों से भी श्रेष्ठ सिद्ध हुए हैं। इन्हीं वास्तविक घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में जब ट्रंप ने अनुभव किया कि मोदी उनके अनुरूप कुछ नहीं कर रहे हैं, तो वे कुंठित हो गये, और परिणामस्वरूप भारत पर अमेरिका की ओर से व्यापारिक शुल्क घोषित कर दिया। अमेरिका द्वारा उत्पन्न इस संकट की स्थिति में चीन ने भारत के आह्वान के बिना ही, स्वप्रेरित होकर भारत का पक्ष लेना आरंभ कर दिया है। उसके देशी-विदेशी मंत्रियों एवं भारत स्थित राजदूत की ओर से अमेरिका पर तरह-तरह के लांछन लगाये जाने लगे हैं। उसने रूस के साथ मिलकर अमेरिकी प्रतिरोध के लिए भारत का संबल बनने के हर संभव संकेत दे दिए हैं। इस वातावरण में भारत की रूस के साथ अनेक स्तरीय शिखर वार्ताएं हो रही हैं। संभावना है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की संक्षिप्त यात्रा पर आएं। संभावना ये भी है कि चीन में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाएं व शी से मिलें। इन दोनों संभावनाओं को दिनोंदिन बल मिल रहा है।

## गुटसापेक्षता से सहमे ट्रंप

उधर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत विरोधी अपने शुल्क आरोपण अत्याचार की प्रतिक्रिया में आकार ले रही रूस, भारत व चीन (आरआईसी) की गुटसापेक्षता से सहम गये हैं। ब्रिक्स के प्रतिरोध में पहले उन्हें भारत के साथ स्वस्थ मैत्री के आधार पर कुछ यूएस हितैषी कार्य किये जाने की आशा थी भी, किंतु भारत पर शुल्कात्याचार के बाद तो अब अमेरिका तथा अमेरिकी डॉलर के समक्ष रूस, भारत व चीन के गठबंधन के बाद एक नवीन निरुपाय चुनौती खड़ी हो गई है। जिस दिन ये घोषणा हुई कि मोदी दुनिया के सबसे अधिक प्रिय नेता हैं और पहले पांच प्रिय नेताओं में ट्रंप अंतिम हैं, उसी दिन से अमेरिकी राष्ट्रपति किंकर्त्तव्यविमूढ़ होकर भारत विरोधी रणनीतियों को धरातल पर उतारने लगे थे।



# शुभमन की लॉर्ड्स वाली जर्सी पर लगी लाखों की बोली, 5.41 लाख में बिकी

## पंत की टोपी का 1.76 लाख रुपए लगा मोल

**नई दिल्ली।** सीरीज खत्म होने के बाद भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के इस्तेमाल किए गए कई सामान की चैरिटी ऑक्शन में नीलामी की गई। इस नीलामी में शुभमन गिल की टीशर्ट ने सबसे ज्यादा दाम में बिकी है। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का पहला इंग्लैंड दौरा काफी शानदार रहा। इस मैच में भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने अपनी बैटिंग और कप्तानी से सबका दिल जीत लिया। पांच मैचों की सीरीज में शुभमन गिल ने 10 पारियों में 754 रन बनाए, जिसमें एक दोहरा शतक और चार शानदार शतक शामिल है। भारतीय टीम ने इस सीरीज को 2-2 की बराबरी के साथ खत्म किया। सीरीज खत्म होने के बाद भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों के इस्तेमाल किए गए कई सामान की चैरिटी ऑक्शन में नीलामी की गई। इस नीलामी में गिल की टी-शर्ट ने सबसे ज्यादा दाम में बिकी। ये नीलामी 'रेड फॉर रूथ' नामक चैरिटी फाउंडेशन ने आयोजित की थी, जिसमें खिलाड़ियों की टी-शर्ट के साथ-साथ कैप, बैट और मैच टिकट जैसे कई अन्य क्रिकेट स्मृति चिन्ह भी शामिल थे।



### बुमराह और जडेजा की जर्सी करीब 4.94 लाख में बिकीं

लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान शुभमन गिल की पहनी और साइन की गई टीशर्ट को नीलामी में लगभग 5.41 लाख रुपए में खरीदा गया। इस नीलामी में गिल की जर्सी सबसे मंहगी बिकी थी। गिल के अलावा जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा की साइन की हुई जर्सी करीब 4.94 लाख रुपए में बिकीं और संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केएल राहुल की जर्सी करीब 4.70 लाख रुपए में तीसरे स्थान पर रही।

**जो रूट के जर्सी भी रही महंगी :** इंग्लैंड की ओर से जो रूट की जर्सी सबसे महंगी रही, जो करीब 4.47 लाख रुपए में बिकी, जबकि बेन स्टोक्स की जर्सी करीब 4 लाख रुपए में नीलाम हुई।



### क्या है 'रेड फॉर रूथ' अभियान

लॉर्ड्स टेस्ट में हर साल एक दिन "रेड फॉर रूथ" अभियान के लिए रखा जाता है, जिसे इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने अपनी पत्नी रूथ स्ट्रॉस की याद में शुरू किया था, जिनका निधन कैंसर से हुआ था। इस दिन क्रिकेटर, कमेंटेटर और दर्शक सभी लाल कपड़े पहनते हैं। अब यह पहल क्रिकेट के सालाना कैलेंडर का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत-इंग्लैंड मैच से पहले फाउंडेशन ने बताया कि पिछले छह सालों में फैंस के सहयोग और उदारता से उसने 3,500 से ज्यादा परिवारों को अपने प्रियजनों के खोने के दुख से उबरने में मदद की है और 1,000 से ज्यादा कैंसर देखभाल एक्सपर्ट को शोक से निपटने की ट्रेनिंग दी है।

## खबर संक्षेप



### अहलावत 25वें स्थान पर, शुभंकर कट से चूके

**एबेरडीन (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर नेक्सो चैंपियनशिप के दूसरे दौर में इवन पार के कार्ड के साथ कट हासिल किया। अहलावत ने अपने पहले दौर के 73 के कार्ड में 72 के कार्ड का इजाफा किया, जिससे दो दिन में उनका स्कोर एक ओवर हो गया। इससे वह संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। अहलावत ने दूसरे दौर में तीन बर्डी लगाईं और तीन बोगी कर बैठे।

### अमेरिकी ओपनः पाउला बडोसा ने नाम लिया वापस

**न्यूयॉर्क।** पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण शुक्रवार को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। वह 30 जून को विंबलडन में पहले दौर में हार के बाद से चोट से जूझ रही थीं। अमेरिकी टेनिस संघ ने बडोसा के



हटने की घोषणा की और कहा कि उनकी जगह जिल टेचमैन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ के मैच 24 अगस्त को शुरू होंगे। स्पेन की 27 वर्षीय बडोसा 2022 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर दो पर पहुंची थी। वह अभी विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं।

### लंदन चैंपियनशिपः दीक्षा संयुक्त 10वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने डबल बोगी से उबरते हुए आखिरी चार होल में दो बर्डी



लगाकर पीआईएफ लंदन चैंपियनशिप के पहले दिन तीन अंडर 70 का कार्ड खेला। लेडीज यूरोपियन टूर टूर्नामेंट के पार-73 कोर्स में इस कार्ड से वह संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर थीं। वहीं अन्य भारतीयों में अदिति अशोक (73) संयुक्त 37वें, प्रणवी उर्स (75) संयुक्त 67वें और अवनि प्रशांत (76) संयुक्त रूप 75वें स्थान पर रहीं।

### एशियाई सर्फिंग के फाइनल में पहुंचे बुधियाल

**चेन्नई।** भारत के रमेश बुधियाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते



हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के ओपन पुरुष फाइनल में प्रवेश किया। रमेश ने दिन की शुरुआत क्वार्टरफाइनल हीट रेस में 14.84 अंक के साथ शीर्ष स्थान से की। वह फिलीपींस के नील सांचेस (12.80 अंक) से आगे रहे। सेमीफाइनल में रमेश ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 11.43 अंक हासिल किए और इंडोनेशिया के पजार एरियाना 13.83 के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस तरह किसी भारतीय सर्फर ने पहली बार फाइनल में जगह पक्की की।

### टेस्ट सीरीज 2-0 से जीता, जिम्बाब्वे को एक पारी और 359 रन से रौंदा

# न्यूजीलैंड ने दर्ज की इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत, जिम्बाब्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से रौंदकर अपनी अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट जीत दर्ज करने के साथ श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। जिम्बाब्वे की टीम 476 रनों से पिछड़ रही थी और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने तीसरे दिन पहले सत्र में दूसरी पारी में जिम्बाब्वे टीम 117 रन पर सिमट गई। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में ये पारी और रनों के अंतर के मामले में अब तक की तीसरी सबसे बड़ी जीत भी है।

### जकारी फाउलकेस ने दूसरी पारी में दिखाया गेंद से कमाल

दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट के नुकसान पर 601 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जिसके बाद तीसरे दिन के खेल में कीवी टीम की तरफ से अपना डेब्यू टेस्ट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज जकारी फाउलकेस ने शानदार बॉलिंग करते हुए अपने टेस्ट करियर का पहला 5 विकेट हॉल लिया और जिम्बाब्वे टीम की दूसरी पारी को 117 रनों के स्कोर पर समेटने में अहम भूमिका अदा की। जकारी फाउलकेस ने दूसरी पारी में 9 ओवर्स की गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 37 रन देने के साथ 5 विकेट हासिल किए। इसके अलावा मैट हेनरी और जैकब डफी ने भी 2-2 विकेट अपने नाम किए। कीवी टीम की ये जहां उनके टेस्ट क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी अब तक की जीत है तो वहीं जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी हार है।



### जिम्बाब्वे के सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे

तेज गेंदबाज मैट हेनरी (16 रन देकर दो विकेट), जैकब डफी (28 रन देकर दो विकेट) और मैथ्यू फिशर (22 रन देकर एक विकेट) ने जिम्बाब्वे को 28.1 ओवर में श्रृंखला में उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट कर दिया। जिम्बाब्वे के लिए सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके। तीसरे नंबर के बल्लेबाज निक वेल्च 71 गेंद पर 47 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान क्रेग इर्विन (17) दोहरे अंक तक पहुंचने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन के अंत में तीन विकेट पर 601 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पहली पारी घोषित की थी, जिसमें रचिन रविंद्र (नाबाद 165) और हेनरी निकोल्स (नाबाद 150) ने चौथे विकेट के लिए 256 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की। डेवोन कॉनवे (153) ने भी दो साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। यह जिम्बाब्वे के खिलाफ न्यूजीलैंड का अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। न्यूजीलैंड की टेस्ट मैचों में पिछली सर्वश्रेष्ठ जीत भी 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ ही थी जब नेपियर में उसने पारी और 301 रन से जीत दर्ज की थी। यह इस साल जिम्बाब्वे की टेस्ट मैचों में लगातार छठी हार भी थी। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा नहीं है। लेकिन न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे का अपना दौरा जीत के साथ समाप्त किया क्योंकि उसने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के साथ टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला भी जीती थी।

### अब तक की सबसे बड़ी जीत

- इंग्लैंड- पारी और 579 रन (बनाम ऑस्ट्रेलिया, साल 1938)
- ऑस्ट्रेलिया - पारी और 360 रन (बनाम साउथ अफ्रीका, साल 2002)
- न्यूजीलैंड - पारी और 359 रन (बनाम जिम्बाब्वे, साल 2025)
- वेस्टइंडीज - पारी और 336 रन (बनाम भारत, साल 1958)

### न्यूजीलैंड के तीन बल्लेबाजों ने खेली शतकीय पारी

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की तरफ से बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें तीन बल्लेबाज शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। डीवोन कॉन्वे ने जहां 153 रनों की पारी खेली तो वहीं रचिन रवींद्र के बल्ले से 165 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली इसके अलावा हेनरी निकल्स ने भी 150 रनों की पारी खेली, जिसके दम पर कीवी टीम अपनी पहली पारी में 601 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।

## आईपीएल

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले कोहली लौटे पिच पर, लंदन में शुरू की ट्रेनिंग



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया के रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली पिच पर लौट आए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन की मौजूदगी में अभ्यास किया। कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, "हिट में मदद के लिए शुक्रिया, भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है।" उन्होंने सेशन के दौरान अमीन के साथ अपनी एक तस्वीर भी शेयर की। अमीन ने अपने अकाउंट पर स्टोरी दोबारा शेयर करते हुए कहा, भाई, आपको देखकर अच्छा लगा! जल्द ही मिलते हैं।

### 302 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 14,181 रन बनाए

कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से भारत के लिए वनडे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की प्रतिबद्धताओं पर है। कोहली ने 302 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 14,181 रन बनाए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 के फाइनल में शानदार पारी खेली थी। विराट कोहली ने 43 रनों की पारी खेली थी, जिससे आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर आखिरकार अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी। कोहली और रोहित शर्मा, जो टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से भी दूर हैं, दोनों के भारत के ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे के एकदिवसीय चरण के लिए वापसी करने की उम्मीद है। 19 अक्टूबर से पर्थ स्टेडियम में यह टूर्नामेंट शुरू होगा। इसके बाद 23 और 25 अक्टूबर टूर्नामेंट के अन्य मैच खेले जाएंगे।

# महिला हॉकी : सेमीफाइनल में पहुंचे छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा और यूपी

एजेंसी ▶▶| काकीनाडा

छत्तीसगढ़, झारखंड, हरियाणा और उत्तर प्रदेश ने शनिवार को हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए के सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा ने दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में ओडिशा पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। उसकी तरफ से काजल, सुप्रिया, कप्तान शशि खासा और सादी ने गोल किए। ओडिशा के लिए एकमात्र गोल अमीषा एक्का ने किया। छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की, जबकि चार क्वार्टरों के निर्धारित समय में उनका मुकाबला 1-1 से बराबर रहा था। झारखंड ने पंजाब को 3-1 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र पर 2-1 से जीत दर्ज की।

- छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से हराया




# महिला टी20 : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 114 रन से हराया

**मैकॉय (ऑस्ट्रेलिया)।** तेज गेंदबाज किम गार्थ की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को दूसरे अनधिकृत टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 114 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ए ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण का फैसला किया, लेकिन यह सही साबित नहीं हुआ और ऑस्ट्रेलिया ए की टीम चार विकेट पर 187 रन बनाने में सफल रही। उसकी पारी का आकर्षण कप्तान एलिसा हीली की 44 गेंद पर खेली गई 70 रन की पारी थी। इसके जवाब में बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम किसी भी समय लक्ष्य तक पहुंचाने की स्थिति में नहीं दिखी और 15.1 ओवर में 73 रन पर आउट हो गई।



हीली की ताहलिया विल्सन (35 गेंदों पर 43 रन) के साथ 95 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मजबूत नींव रखी। इन दोनों के अलावा अनिका लियरॉयड (35) और कोर्टनी वेब (नाबाद 26) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### जेन ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**बेलफास्ट।** पाकिस्तान की महिला टीम इन दिनों आयरलैंड दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का दूसरा मैच सिविल सर्विस क्लब बेलफ्रास्ट में खेला गया, जहां आयरलैंड की टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में आयरलैंड महिला टीम की बल्लेबाज जेन मैग्वायर ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। जेन महिला टी-20 इंटरनेशनल में आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। इस मैच को जीतकर आयरलैंड ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान महिला टीम के बल्लेबाज नहीं खेल पाए बड़ी पारी : मैच की बात करें तो दूसरे टी20। में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की महिला टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाने में कामयाब रही। मेहमान टीम की ओर से ओपनर शवाल ज़ुल्फिकार सबसे ज्यादा रन बनाए।


## रक्षाबंधन त्यौहार उपरांत विशेष रेलगाड़ियाँ

रक्षाबंधन त्यौहार के उपरांत रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

### 04484/04483 ह. निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – ह. निज़ामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04484 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04483 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | ह. निज़ामुद्दीन | 16:30 | --- |
| 12:30 | --- | मथुरा जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन : 04484 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04483 मथुरा जं. से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, रुँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलाँ, छाता, अझई, वृन्दावन रोड एवं भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04486 ह. निज़ामुद्दीन – जींद एवं 04485 जींद – तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04486 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04485 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:30 | ह. निज़ामुद्दीन | --- | ----- |
| 10:35 | 10:36 | तिलक ब्रिज | 17:40 | --- |
| 13:50 | --- | जींद | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04486 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04485 जींद से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली किशनगंज, विवेकानन्द पुरी हाल्ट, दया बस्ती, शकूर बस्ती, मंगोलपुरी, नांगलोई, मुंडका, घेवरा, बहादुर गढ़, असौदा, रोहद नगर, साँपला, ईस्माइला हरियाणा, खरावड़, अस्थल बोहर जं., रोहतक, समर गोपाल पुर, करैंथी, लखन माजरा, किला ज़फरगढ़, जुलाना, जय जय वन्ती, किनाना एवं बिशनपुरा हरियाणा स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04488 पानीपत – दिल्ली एवं 04487 दिल्ली – अंबाला कैंट जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04488 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04487 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | --- | अंबाला कैंट जं. | 17:30 | --- |
| --- | 10:20 | पानीपत | 15:36 | 15:37 |
| 13:10 | --- | दिल्ली जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04488 पानीपत से तथा 04487 दिल्ली जं. से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड, बाबरपुर, पानीपत, दिवाना, समालखा, भोडवाल माजरी, गन्नौर, राजलू गढ़ी, सांदल कलां, सोनीपत, हरसाना कलां, राठधना, नरेला, होलम्बी कलां, खेड़ा कलां, बादली, आदर्श नगर दिल्ली, दिल्ली आज़ादपुर एवं सब्जी मंडी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04490 अंबाला कैंट जं. – पानीपत अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04490 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| अंबाला कैंट जं. | --- | 20:10 |
| पानीपत | 22:30 | --- |

चलने के दिन : 04490 अंबाला कैंट से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड एवं बाबरपुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04492/04491 गाज़ियाबाद – अलीगढ़ जं. – गाज़ियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04492 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04491 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | गाज़ियाबाद | 16:00 | --- |
| 13:00 | --- | अलीगढ़ जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04492 गाज़ियाबाद से तथा 04491 अलीगढ़ जं. से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : मारीपत, दादरी, बोड़ाकी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, गंगरौल, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., कमालपुर, डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04493/04494 नई दिल्ली – रेवाड़ी – नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04493 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04494 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:20 | नई दिल्ली | 17:00 | --- |
| 12:30 | --- | रेवाड़ी | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04493 नई दिल्ली से तथा 04494 रेवाड़ी से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : दिल्ली छावनी, पालम, बिजवासन, गुड़गाँव, गढ़ी हरसरु जं. एवं पटौदी रोड स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

### 04496/04495 शामली – दिल्ली शाहदरा जं. – शामली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04496 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04495 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:30 | शामली | 14:05 | --- |
| 10:40 | --- | दिल्ली शाहदरा जं. | --- | 11:40 |

चलने के दिन : 04496 शामली से तथा 04495 दिल्ली शाहदरा जं. से दिनांक 10.08.2025 को।
ठहराव : कांधला, कासिमपुर खेड़ी, बड़ौत, बाग़पत रोड, खेकड़ा, नोली एवं गोकुलपुर सबोली हाल्ट स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## खबर संक्षेप

### अमेरिकी सेना को देश में घुसने नहीं देंगे: शिनबाम



**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि वे अपने देश में अमेरिकी सेना का घुसना स्वीकार नहीं करेंगी। अमेरिकी सेना मैक्सिको नहीं आएगी। यह किसी समझौते का हिस्सा नहीं है और पहले भी जब यह मुद्दा उठा, उन्होंने हमेशा 'नहीं' कहा है। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने पेंटागन को मैक्सिको के उन ड्रग कार्टेल्स पर कार्रवाई का आदेश दिया है जिन्हें अमेरिका आतंकवादी संगठन मानता है। शिनबाम ने कहा कि अगर पेंटागन मैक्सिको या आसपास के देशों में सेना भेजने की योजना बनाता है, तो यह दोनों देशों के रिश्तों को और बिगाड़ सकता है।

### न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर में गोलीबारी, 3 घायल



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में शनिवार रात गोलीबारी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क पुलिस के मुताबिक, यह घटना रात करीब 1:20 बजे वेस्ट 44वीं स्ट्रीट और सेवेंथ एवेन्यू पर हुई। यह इलाका दुनिया के सबसे मशहूर पर्यटन स्थलों में से एक है। घायल लोगों में एक 19 वर्षीय और एक 65 वर्षीय पुरुष शामिल हैं, दोनों को पैरों में गोली लगी है। एक 18 वर्षीय महिला की गर्दन पर खरोंच का घाव है। तीनों को बेलेव्यू अस्पताल ले जाया गया और उनकी जान को खतरा नहीं है।

## भारत ने सैन्य क्षेत्र में दिखाई अपनी ताकत, दर्ज की ऐतिहासिक उपलब्धि

### पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा

# सालाना रक्षा उत्पादन सर्वकालिक उच्च स्तर डेढ़ लाख करोड़ को पार कर गया



*रक्षा मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह 2023-24 में दर्ज 1.27 लाख करोड़ रुपए से 18% और 2019-20 में दर्ज 79,071 करोड़ रुपए की तुलना में 90% की वृद्धि हुई है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विश्व में मची उथल-पुथल और पड़ोसी देशों से तनाव के बीच भारत ने अपनी धमक फिर से दिखाई है। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बताया कि भारत का सालाना रक्षा उत्पादन डेढ़ लाख करोड़ के ऊपर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, यह 2023-24 में दर्ज 1.27 लाख करोड़ रुपए से 18% और 2019-20 में दर्ज 79,071 करोड़ रुपए की तुलना में 90% की वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

**2019-20 की तुलना में 90% की आश्चर्यजनक वृद्धि**

**रक्षा निर्यात 2024-25 में बढ़कर 23,622**



### सार्वजनिक क्षेत्र का योगदान 77%

राजनाथ सिंह ने बताया कि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं ने कुल उत्पादन में लगभग 77% का योगदान दिया, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23% रहा। यह सरकार पीएम नरेंद्र मोदी के नीतिगत सुधारों, व्यापार को आसान बनाने के प्रयासों और आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करने से संभव हो सका है। इस पहल का उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देना है।

### एक दशक में 30 गुना बढ़ा रक्षा निर्यात

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पिछले एक दशक में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 30 गुना बढ़ गया है। 2013-14 में जो रक्षा निर्यात 686 करोड़ रुपए था वो 2024-25 में बढ़कर 23,622 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। पिछले एक दशक में भारत ने 88 हजार 319 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण निर्यात किए, जबकि 2004 से 2014 के बीच ये आंकड़ा 4 हजार 312 करोड़ रुपए था।

### भारत बना आत्मनिर्भर: रिपोर्ट

हाल ही में आई स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत अब रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उन्हें निर्यात करने वाला एक उभरता वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है। 2014 से 2024 तक भारत के रक्षा आयात में 34% की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जबकि रक्षा निर्यात में 700% से अधिक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत हथियारों के मामले में बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

### सामूहिक प्रयासों से मिली सफलता

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और सभी हितधारकों, जिनमें रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाइयां और निजी उद्योग शामिल हैं। उन्होंने 'सामूहिक प्रयासों' की सराहना की, और इसे 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है।

### डीआरडीओ प्रमुख कामत ने कहा

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रमुख आक्रामक हथियार था 'ब्रह्मोस'

ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था, यह भारत की आत्मनिर्भरता रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था



एजेंसी ⏭ पुणे

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर कामत ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी तकनीकी क्षमता के जरिए अपनी ताकत का उद्घोष था।

कामत पुणे में रक्षा उन्नत तकनीकी संस्थान (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कामत ने कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर बेहद समन्वित और बहुआयामी अभियान केवल सैनिकों की वीरता नहीं दिखाता, बल्कि उस तकनीकी आधार को भी सामने लाता है, जो उनकी मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक मिशन नहीं था, यह भारत की आत्मनिर्भरता, रणनीतिक सोच और स्वदेशी तकनीक की ताकत का ऐलान था। यह दुनिया को यह बताने के लिए था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा अपने ही उपकरणों और तकनीक से कर सकता है।

### सैन्य अभियान में इन हथियारों का हुआ इस्तेमाल

डीआरडीओ प्रमुख ने कहा कि इस अभियान में सेंसर, ड्रोन, सुरक्षित संचार व्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित सहायता प्रणाली और सटीक मार करने वाले हथियार जैसे स्वदेशी उपकरणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के लिए जिन तकनीकों और प्रणालियों का इस्तेमाल हुआ, उनमें शामिल सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, डी4 एंटी-ड्रोन प्रणाली, एडब्ल्यूएनसी हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली और आकाशतीर प्रणाली थे। ये सभी भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किए हैं। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर पर बात करते हुए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अध्यक्ष डीके सुनील ने कहा कि एयर चीफ मार्शल लक्ष्मण माधव कात्रे ने भारतीय वायुसेना पर एक गहरी छाप छोड़ी है।

### पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका



## भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने से हुआ 4.1 अरब रुपये का नुकसान

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद पाकिस्तान को 4.1 अरब रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने नेशनल असेंबली में दी। पाक सरकार ने बताया कि यह घाटा 24 अप्रैल से 30 जून तक का है। यानी पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को इससे भी बड़ा नुकसान हुआ है जो अभी भी जारी है क्योंकि पड़ोसी देश ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र अभी भी नहीं खोला है।

### पाक ने रद्द की थी अनुमति

पाकिस्तान ने भारतीय पंजीकृत विमानों और भारतीय एयरलाइंस द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या लीज पर लिए गए विमानों को अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने की अनुमति रद्द कर दी। हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाने से प्रतिदिन 100 से 150 भारतीय उड़ानों पर असर पड़ा, जिसके चलते पाकिस्तान के हवाई यातायात में लगभग 20% की कमी आई।

### भारतीय विमानों से होती थी कमाई

पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी की कमाई मुख्य रूप से हवाई क्षेत्र के उपयोग से होती है। जब कोई विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजरता है, तो एयरलाइंस को इसके लिए एक शुल्क देना पड़ता है, जिसे ओवरफ्लाइंग चार्ज या नेविगेशन फीस कहते हैं। यह फीस विमान के प्रकार, उड़ान की दूरी और हवाई क्षेत्र के उपयोग के आधार पर तय होता है। पीएए इस शुल्क को इकट्ठा करती है, जो उसकी आय का एक बड़ा हिस्सा है। जब पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाया, तो रोजाना 100-150 उड़ानों से मिलने वाला यह शुल्क रुक गया।

### इजराइल के गाजा पर कब्जे से फिलिस्तीनियों को बड़ा खतरा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** इजराइल के गाजा पर कब्जे के फैसले पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अगर इजराइल गाजा पर कब्जा कर लेता है तो फिलिस्तीनियों के लिए खतरा बढ़ जाएगा। गाजा में फिलिस्तीनी भयावह मानवीय आपदा झेल रहे हैं। अब अगर गाजा इजराइल पर कब्जा करता है तो जबरन विस्थापन, हत्याएं और व्यापक विनाश होगा। इससे गाजा में फिलिस्तीनी आबादी की अकल्पनीय पीड़ा और बढ़ जाएगी। उन्होंने स्थायी युद्धविराम, गाजा में निर्बाध मानवीय पहुंच और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की अपनी अपील दोहराई। महासचिव ने एक बार फिर इजराइल सरकार से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने के लिए कहा।

### विवादित जमीन पर कॉरिडोर बनाने पर सहमति

## ट्रंप ने आर्मेनिया-अजरबैजान की 37 साल पुरानी जंग खत्म कराई

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही 37 साल पुरानी जंग खत्म करा दी है। इसको लेकर वे पिछले कई दिनों से लगे हुए थे। शुक्रवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप ने दोनों देशों के नेताओं के साथ मुलाकात की थी। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव व्हाइट हाउस में एक आधिकारिक शांति समझौते पर भी साइन किए। ट्रंप इससे पहले दुनियाभर की 6 जंग रुकवाने का दावा भी कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने से पहले दावा किया था कि वह रूस और यूक्रेन की जंग को खत्म कर देंगे। हालांकि वे इस काम वे अब तक कामयाब नहीं हो पाए हैं। वहीं दूसरी ओर उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही 37 साल पुरानी जंग खत्म करा दी है।

### 6 देशों की लड़ाई रुकवाने का ट्रंप ने किया दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही रूस और यूक्रेन जंग रुकवाने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि इस काम में उन्हें सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है। तो वहीं दूसरी तरफ वे अपने दूसरे कार्यकाल में 6 देशों के बीच जंग रूकवाने का दावा कर चुके हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान, इजराइल-ईरान, थाईलैंड-कंबोडिया, रवांडा- कांगो, सर्बिया-कोसावो व मिस्र-इथियोपिया विवाद सुलझाने की बात कही है।

### उत्तराखंड में आपदा

## भूस्खलन और बारिश के चलते राज्य में 266 मार्ग बंद, 173 ही खुल सके



एजेंसी ⏭ देहरादून

उत्तराखंड राज्य में भूस्खलन और बारिश के चलते मार्ग लगातार बंद हो रहे हैं। शुक्रवार को प्रदेश में 150 मार्ग बंद हो गए। गुरुवार को भी 116 रास्ते बंद थे।

ऐसे में बंद मार्गों की संख्या 266 तक पहुंच गई। लोक निर्माण विभाग की टीम शुक्रवार शाम पांच बजे तक 173 मार्ग खोलने में सफल हो सकी है। अभी भी 93 मार्ग बंद हैं। इसमें दो राष्ट्रीय राजमार्ग (पौड़ी व देहरादून जिला), सात राज्यमार्ग (देहरादून तीन, पौड़ी-टिहरी एक- एक, नैनीताल दो), सात मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग और 75 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं।

लोनिवि ने बंद रास्तों को खोलने के लिए 514 मशीनों को अलग-अलग जगहों पर तैनात किया हुआ है।

### धराली में लोगों को तलाशना चुनौती

*धराली हादसे के मलबे में कई फीट नीचे दबे लोगों को तलाशना बड़ी चुनौती बन गया है। मलबे में फंसे लोगों को खोजने के लिए कुछ अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग हो रहा है। इनमें थर्मल इमेजिंग कैमरा, रडार आदि शामिल हैं। ये सब तकनीकें जीवित लोगों को तलाशने में कारगर साबित होती हैं। मसलन थर्मल इमेजिंग कैमरा शरीर की गर्मी का पता लगाकर तस्वीरें बनाता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि 15 से 20 फीट नीचे मलबे में दबे लोगों को तलाशने में तकनीक भी ज्यादा कारगर साबित नहीं होगी। ऐसे में केवल मैन्युअली खोदाई करने के बाद ही लोगों को मलबे से निकाला जा सकता है। डीआईजी एनडीआरएफ गंभीर सिंह चौहान ने बताया कि एनडीआरएफ और अन्य फोर्स के पास उपकरण काफी हैं।*

### हैवी टैरिफ पर अमेरिका के साथ बढ़ रहे तनाव पर बोले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

भारत का दृष्टिकोण शुल्क रियायतों की मांग से आगे बढ़ चुका

## भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा... देश अधिक मजबूत और आत्मविश्वास से भरा, सालाना 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने पीयूष गोयल ने भारत का स्टैंड साफ किया है। केंद्रीय मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा कि भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा। वैश्विक व्यापार समूहों के साथ भारत के भविष्य के जुड़ाव के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि आज देश बहुत अधिक मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह सालाना साढ़े छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसमें तेजी आने की संभावना है। दुनिया विभूमंडलीकरण का सामना कर रही है तर्क दिया कि देश अब अपने लिए व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं।

» ***भारत इस साल* पिछले साल की तुलना में ज्यादा निर्यात करेगा**

» ***सभी देश* अब अपने लिए व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे**

» ***ईएफटीए* के सदस्य देश भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर सहमत**



### लगभग 50 लाख नौकरियां पैदा होंगी

उन्होंने कहा कि ईएफटीए के सदस्य देश भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर सहमत हुए हैं, जिससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और कुल मिलाकर लगभग 50 लाख नौकरियां पैदा होंगी। अक्तूबर से ईएफटीए समझौता लागू हो जाएगा और इसके लाभ दिखाई देने लगेंगे। गोयल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहने के लिए कांग्रेस सांसद की भी आलोचना की और कहा कि देश कांग्रेस के उत्तराधिकारी को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता की ओर से नकारात्मक कहानी को दोहराना शर्म की बात है। देश राहुल गांधी को भारत की ओर से दुनिया के सामने रखी जा रही इन अपमानजनक टिप्पणियों के लिए कभी माफ नहीं करेगा।

### नौकरियां पैदा करने का श्रेय आईटी उद्योग को दिया

भारत की आर्थिक मजबूती के बारे में बताते हुए गोयल ने कहा कि देश की मुद्रा, विदेशी मुद्रा भंडार, शेयर बाजार और बुनियादी बातें मजबूत बनी हुई हैं और महंगाई अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में दुनिया में सबसे कम है। गोयल ने कहा कि पूरी दुनिया हमें सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मानती है, जो वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रही है।

### धुआं निकलने पर चेन पुलिंग कर कूद पड़े यात्री, कई घायल

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** यहां से कानपुर की ओर जा रही फरक्का एक्सप्रेस की बोगियों में ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात अचानक धुआं उठने से हड़कंप मच गया। घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग करके ट्रेन रोक दी और कूदने लगे। कुछ यात्रियों व ट्रेन के स्टाफ ने बोगियों में लगे फायर उपकरण से धुएं वाली जगह पर स्प्रे किया। करीब आधे घंटे बाद ट्रेन चली और दनकौर स्टेशन पर लेकर जाकर जांच के लिए खड़ी की गई। यात्रियों ने बताया कि उन्हें धुआं रात करीब 12.15 बजे एस-7 बोगी के नीचे से उठता दिखा। लोगों को लगा कि आग लग गई है। इससे बोगी में अफरातफरी मच गई। रेलवे स्टाफ की कोशिशों के बाद जब धुआं उठना बंद हुआ तो ट्रेन आगे बढ़ी। यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि कहां से धुआं उठा है। इस अफरातफरी के बीच ट्रेन में कई यात्रियों को सामान भी चोरी हो गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25